आर.एन.आई. नबंर - MPHIN/2014/56594

!! श्रीकृष्ण शरणंमम !!

वर्ष-11 । अंक 166 । मूल्य - 2 रुपए । पृष्ठ-08 । नगर संस्करण

इंदौर, व भोपाल, रायपुर से एक साथ प्रकाशित

दैनिक
# आदित्य भारत

सदैव सत्य के साथ...

इंदौर, शुक्रवार, 20 जून, 2025

# सीमा की रक्षा करने वाले जवानों और अन्न पैदा करने वाले किसानों के सम्मान के लिए काम कर रही है प्रदेश सरकार : मुख्यमंत्री डॉ. यादव

## मुख्यमंत्री ने 266 करोड़ रुपए के विकास कार्यों का किया लोकार्पण एवं भूमिपूजन

## 65 करोड़ रुपए की लागत से होगा बेड़िया मंडी का विकास

## मुख्यमंत्री की घोषणा - लाड़ली बहनों को दीवाली से मिलेगी 1500 रुपए की राशि

**संवाददाता ● भोपाल**

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि हमारी सरकार देश की सीमा पर जान की बाजी लगाने वाले और सीमाओं की रक्षा करने वाले जवानों तथा खेतों में कड़ी मेहनत कर अन्न पैदा करने वाले किसानों के सम्मान के लिए काम कर रही है। हमारी सरकार कमजोर और गरीब वर्ग की सुविधाओं पर विशेष ध्यान दे रही है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव खरगोन जिले के बेड़िया में विभिन्न विकास कार्यों का भूमिपूजन एवं लोकार्पण कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने नर्मदा घाटी विकास विभाग के अंतर्गत अम्बा-रोडिया माइक्रो उदवहन सिंचाई योजना का लोकार्पण सहित 266 करोड़ रुपए की लागत के 24 विकास कार्यों का लोकार्पण एवं भूमि-पूजन भी किया। उन्होंने सिकलसेल के मरीजों को सामाजिक सुरक्षा पेंशन स्वीकृति के प्रमाण-पत्र तथा हितग्राहियों को हितलाभ का वितरण भी किया।

### प्रधानमंत्री श्री मोदी के नेतृत्व में देश निरंतर तरक्की कर रहा

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में देश निरंतर तरक्की कर रहा है और विश्व में देश का नाम हो रहा है। हमारी सरकार किसानों, महिलाओं, गरीबों और युवाओं की जिंदगी बदलने और उन्हें खुशहाल बनाने का काम कर रही है। निमाड़ क्षेत्र में मां नर्मदा का पानी खेतों तक पहुंचाया जा रहा है और इससे खेतों में फसले लहलहा रही हैं। प्रधानमंत्री श्री मोदी ने किसानों को सम्मान निधि देने की योजना बनाई है और किसानों को इसका लाभ भी मिल रहा है। मध्य प्रदेश देश का पहला राज्य है जहां गेहूं पर किसानों को प्रति क्विंटल 2600 रुपए दिए जा रहे हैं। प्रदेश सरकार कृषि को प्रोत्साहन दे रही है और किसानों को उद्यमी बनने के लिए काम कर रही है। प्रदेश सरकार कपास से धागा बनाने, उससे कपड़ा बनाने और रेडीमेड गारमेंट की फैक्ट्री लगाने का अभियान चला रही है। प्रदेश सरकार सौर ऊर्जा के क्षेत्र में भी काम कर रही है और किसानों को अनुदान पर सोलर पैनल कनेक्शन दिया जाएगा इससे किसानों की आय बढ़ेगी और वह अपने संयंत्र में पैदा होने वाली अतिरिक्त बिजली प्रदेश सरकार को बेच भी सकेंगे। प्रदेश सरकार ने मूंग और उड़द के समर्थन मूल्य पर खरीदी के इंतजाम किए हैं। दूध उत्पादन बढ़ाने के लिए काम किया जा रहा है। देश में दूध उत्पादन में मध्य प्रदेश की भागीदारी अभी 09 प्रतिशत है इसे बढ़ाकर 20 प्रतिशत तक ले जाने के प्रयास किये जा रहे हैं। किसानों को गाय भैंस पालन के लिए 25 प्रतिशत तक अनुदान दिया जाएगा। राज्य सरकार के समग्र प्रयासों से अब प्रति व्यक्ति आय 11 हजार रूपये से बढ़कर एक लाख 52 हजार रूपये हो गई है।



### दीवाली से लाड़ली बहनों को हर माह मिलेंगे 1500 रुपए

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि प्रदेश सरकार रक्षाबंधन पर लाड़ली बहनों को 250 रुपए की अतिरिक्त राशि देगी और अक्टूबर में दीवाली से लाड़ली बहनों को हर माह 1500 रुपए की राशि नियमित दी जाएगी। इस राशि को बढ़ाकर 3 हजार रुपये प्रतिमाह कर दिया जाएगा। गरीबों और जरुरतमंद की जान बचाने के लिए प्रदेश सरकार ने एयर एम्बुलेंस की सुविधा प्रदान की है। उन्होंने कहा कि सभी पात्र लोग अपना आयुष्मान कार्ड बनवा लें, जिससे गंभीर बीमारी के समय जान बचाने के लिए उन्हें बड़े शहरों के अच्छे अस्पतालों में उपचार मिल सके। उन्होंने कहा कि जरुरत पड़ने पर विमान या हेलीकॉप्टर से प्रदेश सरकार मरीजों को उपचार के लिए भी भेजती है। उन्होंने कहा कि अभी तक दुर्घटना में सड़कों पर घायलों को अस्पताल पहुंचने में लोग डरते थे अब सरकार ने राह-वीर योजना लागू की है। यदि कोई व्यक्ति सड़क दुर्घटना में घायल व्यक्ति को अस्पताल पहुंचाता है और उसकी जान बचाता है तो उसे 25 हजार रुपए का इनाम प्रदेश सरकार देगी।

#### शासकीय सेवकों के प्रमोशन होने के बाद 2 लाख पद होंगे रिक्त

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि प्रदेश सरकार ने शासकीय सेवकों के 9 सालों से रुके प्रमोशन के मामले को हल कर दिया है और अब अनुसूचित जाति, जनजाति और सामान्य वर्ग के शासकीय सेवकों के प्रमोशन का रास्ता साफ कर दिया है। प्रमोशन होने से 2 लाख पद रिक्त होंगे और इससे नए लोगों की भर्ती का अवसर मिलेगा। प्रदेश सरकार शासकीय सेवाओं में भर्ती में महिलाओं को 33 प्रतिशत आरक्षण देगी। आने वाले समय में लोकसभा और विधानसभा में भी महिलाओं को 33 प्रतिशत आरक्षण दिया जाएगा।

### भगवान राम प्रदेश में जिन स्थानों से गुजरे थे उन स्थानों पर बनेंगे राम पथ गमन मार्ग

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि प्रदेश सरकार ने प्रदेश के 19 धार्मिक स्थलों पर शराब की बिक्री बंद कर दी है। प्रदेश में खुले में मांस की बिक्री प्रतिबंधित कर दी गई है। नगरीय क्षेत्र में गीता भवन बनाए जाएंगे। भगवान राम प्रदेश में जिन स्थानों से गुजरे थे उन पर राम पथ गमन मार्ग बनाया जाएगा। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि पूर्व प्रधानमंत्री श्री अटल बिहारी वाजपेई की 100वींग जन्म शताब्दी के अवसर पर ग्वालियर में कैबिनेट की बैठक आयोजित करने का निर्णय लिया गया है। संदीपनी स्कूलों में प्राइवेट स्कूलों के तर्ज पर पढ़ाई की सुविधा उपलब्ध कराई जा रही है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि प्रदेश सरकार गांव-गांव तक बस सेवा शुरू करने जा रही है इससे ग्रामीण जनता को आवागमन की सुविधा मिलेगी।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने घोषणा की कि बेड़ियां मिर्च मंडी के विकास के लिए 65 करोड़ रुपए की राशि दी जाएगी। इसी प्रकार खनगांव से खेड़ीखुर्द मार्ग पर 05 करोड़ रुपए की लागत से पुल निर्माण किया जाएगा। बांसवा से घोसला मार्ग पर सिड़कुई नदी पर 06 करोड़ रुपए के लागत से पुल बनाया जाएगा। भीकनगांव से झिरन्या तक सड़क निर्माण के लिए 38 करोड़ रुपए दिए जाएंगे। बेड़ियां एवं बासवा बायपास निर्माण के लिए 21 करोड़ रुपए स्वीकृत किए जाएंगे। बेड़ियां के प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र का सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में उन्नयन किया जाएगा और बड़वाह में 100 बिस्तर का अस्पताल बनाया जाएगा।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कार्यक्रम के पश्चात एक पेड़ मां के नाम कार्यक्रम में आम का पौधा लगाया और पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। कार्यक्रम में सांसद श्री ज्ञानेश्वर पाटिल, विधायक श्री सचिन बिरला, श्री राजकुमार मेव, श्री बालकृष्ण पाटीदार, श्रीमती छाया मोरे, जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती अनु बाई तंवर, उपाध्यक्ष श्री बापू सिंह परिहार अन्य जनप्रतिनिधि, आधिकारी एवं बड़ी संख्या में नागरिक उपस्थित थे।

---

## न्यूज ब्रीफ

### सीएम गौपालक एवं गौशाला संचालकों से करेंगे संवाद

**भोपाल।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव मुख्यमंत्री निवास पर 20 जून को प्रदेश के गौपालकों एवं गौशाला संचालकों से संवाद करेंगे। साथ ही गौशालाओं को लगभग 90 करोड़ रूपये की राशि अंतरित करेंगे। मुख्यमंत्री निवास पर गौ-शाला सम्मेलन दोपहर 12 बजे से होगा। इस अवसर पर पशुपालन एवं डेयरी विकास राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) लखन पटेल भी उपस्थित रहेंगे। सम्मेलन में प्रदेश के समस्त जिलों से शासकीय एवं अशासकीय गौ-शाला संचालक एवं प्रतिनिधि शामिल होंगे। प्रमुख सचिव पशुपालन एवं डेयरी उमाकांत उमराव ने बताया कि प्रदेश सरकार द्वारा प्रदेश में पंजीकृत गौ-शालाओं में गौवंश के उचित व्यवस्थापन के लिए आर्थिक अनुदान को रू. 20 प्रति गौ वंश प्रति दिवस से बढाकर रू. 40 प्रति गौ वंश प्रति दिवस किया गया है।

### मुख्यमंत्री आज सदानीरा समागम का शुभारंभ करेंगे

**भोपाल।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव 20 जून को शाम 6 बजे भारत भवन में जल गंगा संवर्धन अभियान के अंतर्गत सदानीरा समागम का शुभारंभ करेंगे। कार्यक्रम की अध्यक्षता संस्कृति, पर्यटन और धार्मिक न्यास एवं धर्मस्व राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) धर्मेन्द्र सिंह लोधी करेंगे। समागम का आरंभ ऋषिकेश पांडे द्वारा निर्देशित लघु फिल्म 'सदानीरा' के लोकार्पण से होगा। मुख्यमंत्री डॉ. यादव वीर भारत न्यास, मध्यप्रदेश विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी परिषद् तथा मध्यप्रदेश जनजातीय लोक कला एवं बोली विकास अकादमी द्वारा प्रकाशित पुस्तकों सदानीरा, पृथ्वी पानी का देश है..., अमृत जलधारा (चार खंड) व 'जल धरा' का विमोचन भी करेंगे। कार्यक्रम में मध्यप्रदेश के मुख्य सचिव अनुराग जैन, संस्कृति और पर्यटन विभाग के प्रमुख सचिव श्री शिव शेखर शुक्ला सहित कई गणमान्य नागरिक उपस्थित रहेंगे।

# देश में अंग्रेजी बोलने वालों को जल्द शर्म आएगी : शाह

## ऐसे समाज का निर्माण दूर नहीं, हमारे देश की भाषाओं के बगैर हम भारतीय नहीं

**एजेंसी ● नई दिल्ली**

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने कहा, 'इस देश में जो लोग अंग्रेजी बोलते हैं, उन्हें जल्द ही शर्म आएगी। ऐसे समाज का निर्माण दूर नहीं है। उन्होंने यह बयान गुरुवार को नई दिल्ली में पूर्व IAS आशुतोष अग्निहोत्री की बुक 'मैं बूंद स्वयं, खुद सागर हूं' के विमोचन के मौके पर दिया।

शाह ने हिंदी समेत 'भारतीय भाषाओं के भविष्य' पर कहा, 'अपना देश, अपनी संस्कृति, अपना इतिहास और अपने धर्म को समझने के लिए कोई भी विदेशी भाषा पर्याप्त नहीं हो सकती। अधूरी विदेशी भाषाओं के जरिए संपूर्ण भारत की कल्पना नहीं की जा सकती।

### शाह बोले- 2047 तक हम दुनिया में टॉप पर होंगे

अमृत काल के लिए पीएम मोदी ने पंच प्रण की नींव रखी है।पांच प्रतिज्ञाएं 130 करोड़ लोगों का संकल्प बन गई हैं। यही कारण है कि 2047 तक हम टॉप पर होंगे और हमारी भाषाएं इस यात्रा में प्रमुख भूमिका निभाएंगी।

शाह ने कहा कि इन पांच प्रतिज्ञाओं में विकसित भारत के लक्ष्य को प्राप्त करना, गुलामी के हर निशान से छुटकारा पाना, अपनी विरासत पर गर्व करना, एकता और एकजुटता के लिए प्रतिबद्ध रहना और हर नागरिक में कर्तव्य की भावना जगाना शामिल है।




### प्रशासनिक अधिकारियों की ट्रेनिंग में बदलाव की जरुरत

शाह ने कहा कि देश में प्रशासनिक अधिकारियों की ट्रेनिंग में कुछ बदलाव की जरुरत है। उन्हें शायद ही हमारी व्यवस्था में सहानुभूति लाने के लिए ट्रेंड किया जाता है। ऐसा शायद इसलिए क्योंकि अंग्रेजों के जमाने से इस ट्रेनिंग मॉडल की प्रेरणा मिली है। कोई शासक या प्रशासक बिना सहानुभूति के शासन करता है, तो वह शासन के वास्तविक उद्देश्य को प्राप्त नहीं कर सकता।

### साहित्य समाज की आत्मा

शाह ने कहा कि जब हमारा देश घोर अंधकार के युग में डूबा हुआ था, तब भी साहित्य ने हमारे धर्म, स्वतंत्रता और संस्कृति के दीप जलाए रखे। जब भी किसी ने हमारे धर्म, संस्कृति और साहित्य को छूने की कोशिश की तो हमारा समाज उनके खिलाफ खड़ा हुआ और उन्हें हरा दिया। साहित्य हमारे समाज की आत्मा है।

## एअर इंडिया ड्रीमलाइनर का ब्लैक बॉक्स अमेरिका भेजेंगे

### देश में डेटा रिकवरी मुमकिन नहीं; अहमदाबाद हादसे में 270 लोगों की मौत हो गई थी

**एजेंसी ● अहमदाबाद**

अहमदाबाद में 12 जून को क्रैश हुए एअर इंडिया विमान का ब्लैक बॉक्स जांच के लिए अमेरिका भेजा जाएगा है। क्रैश हुए बोइंग 787-8 ड्रीमलाइनर विमान का ब्लैक बॉक्स क्रैश के अगले दिन ही रिकवर कर लिया गया था।

विमान में आग लगने के बाद ब्लैक बॉक्स इतना डैमेज हो चुका है कि उससे डेटा रिकवर करना मुश्किल है। इसलिए उसे जांच के लिए अमेरिका भेजने का फैसला लिया गया है।

अहमदाबाद में 12 जून को लंदन जाने वाली एअर इंडिया की फ्लाइट AI-171 उड़ान भरने के तुरंत बाद क्रैश हो गई थी। इसमें सवार 241 लोगों की मौत हो गई थी, जबकि एक यात्री की जान बच गई थी। वहीं, इस घटना में कुल 270 लोग मारे गए थे।

फ्लाइट नंबर AI-171 ने 12 जून को दोपहर 1.38 बजे उड़ान भरी और 1.40 बजे हादसा हो गया। उस समय प्लेन 200 फीट की ऊंचाई पर था।



फ्लाइट नंबर AI-171 ने 12 जून को दोपहर 1.38 बजे उड़ान भरी और 1.40 बजे हादसा हो गया। उस समय प्लेन 200 फीट की ऊंचाई पर था।

अफसरों की निगरानी में अमेरिका जाएगा ब्लैक बॉक्स के 2 हिस्से कॉकपिट वॉयस रिकॉर्डर (CVR) और फ्लाइट डेटा रिकॉर्डर (FDR) को हीट और आग से नुकसान पहुंचा है। देश में ऐसी कोई लैब नहीं है, जहां डेटा रिकवर किया जा सके।

इसी वजह से अब इन्हें अमेरिका की नेशनल ट्रांसपोर्टेशन सेफ्टी बोर्ड (NTSB) की लैब में भेजने का फैसला किया गया है। इसके साथ सरकारी अफसर भी जाएंगे ताकि सुरक्षा और गोपनीयता बनी रहे।

### राहुल गांधी का नया पता- लुटियंस जोन का सुनहरी बाग

**नई दिल्ली।** लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी का आज 55वां जन्मदिन है। आज ही राहुल ने सुनहरी बाग रोड में बने टाइप-8 बंगले में अपना सामान शिफ्ट करना शुरू कर दिया है। यह बंगला उन्हें लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष होने के नाते आवंटित किया गया है। संसदीय आवास समिति ने उन्हें 5 सुनहरी बाग रोड, 7 मोतीलाल नेहरू मार्ग और 3 कृष्णा मेनन मार्ग बंगले का ऑप्शन दिया था। इसमें से राहुल ने सुनहरी बाग को चुना। राहुल अभी सोनिया गांधी के साथ 10 जनपथ में रहते हैं। 2023 में उन्होंने 12 तुगलक लेन का बंगला खाली किया था। जो 19 साल उनके पास था। लेकिन सांसदी जाने के बाद बंगला खाली करना पड़ा। 21 जुलाई से शुरू होने वाले संसद के मानसून सत्र से कुछ दिन पहले राहुल उस बंगले में रहना शुरू कर देंगे।

### ऑपरेशन सिंधु- ईरान से रेस्क्यू 110 भारतीय छात्र दिल्ली पहुंचे: कहा-

# वहां हालात खराब होते जा रहे, सभी मेडिकल स्टूडेंट

**एजेंसी ● नई दिल्ली**

ईरान की उर्मिया मेडिकल यूनिवर्सिटी में पढ़ रहे लगभग 110 भारतीय छात्र सुरक्षित भारत पहुंच गए हैं। इनमें से 90 छात्र कश्मीर के हैं। ईरान-इजराइल जंग में फंसे छात्रों को वापस लाने के लिए सरकार ने ऑपरेशन सिंधु शुरू किया है।

भारत पहुंचे छात्रों ने बताया, 'वहां के हालात हर दिन खराब होते जा रहे हैं। खासकर तेहरान में स्थिति बहुत खराब है। युद्ध अच्छी चीज नहीं है। इंसानियत ही मारी जाती है। ईरान से निकाले गए ये छात्र मंगलवार को आर्मेनिया पहुंचे थे, जहां उन्हें राजधानी येरेवन के होटलों में ठहराया गया।







इसके बाद आज इन्हें कतर के रास्ते भारत लाया गया। इंडिगो की एक फ्लाइट आर्मेनिया के येरेवन एयरपोर्ट से इन छात्रों को लेकर कतर की राजधानी दोहा के लिए रवाना हुई थी। इसके बाद एक दूसरी फ्लाइट से इन्हें दोहा से नई दिल्ली के इंदिरा गांधी एयरपोर्ट लाया गया। मंगलवार को भारतीय विदेश मंत्रालय ने छात्रों को ईरान से बाहर निकालने की पुष्टि की थी।


### ईरान से बसों में लाए गए छात्र

इन छात्रों को आर्मेनिया बॉर्डर पर नॉरदुज चौकी से बसों में निकाला गया। ईरान में 1,500 स्टूडेंट्स सहित लगभग 10 हजार भारतीय फंसे हैं। ईरानी विदेश मंत्रालय ने कहा था कि मौजूदा हालात में देश के एयरपोर्ट भले ही बंद हैं, लेकिन लैंड बॉर्डर्स खुले हुए हैं। मंत्रालय ने विदेशी नागरिकों से ईरान छोड़ने से पहले अपना नाम, पासपोर्ट नंबर, गाड़ी डिटेल्स, देश से निकलने का समय और जिस बॉर्डर से जाना चाहते हैं, उसकी जानकारी मांगी थी।

### संरक्षा, यात्री सुविधाओं एवं अधोसंरचनात्मक प्रगति पर विस्तार से की चर्चा

# महाप्रबंधक ने गुना ग्वालियर एवं रुठियाई मक्सी रेलखण्डों का किया निरीक्षण

संवाददाता ● भोपाल







पश्चिम मध्य रेल महाप्रबंधक श्रीमती शोभना बंदोपाध्याय ने गुरुवार 19 जून 2025 को भोपाल मंडल के गुना–ग्वालियर एवं रुठियाई–मक्सी रेलखण्डों सहित रेलवे स्टेशनों पर सरंक्षा एवं यात्री सुविधाओं सहित रेलखण्डों पर चल रहे अधोसंरचनात्मक निर्माण कार्यो का निरीक्षण किया। निरीक्षण में महाप्रबंधक श्रीमती बंदोपाध्याय ने सभी संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि संरक्षा एवं यात्री सुविधाओं से जुड़े कार्यों को समयबद्धता व गुणवत्ता के साथ पूर्ण किया जाए। उन्होंने कहा कि पुनर्विकसित रेलवे स्टेशनों को आधुनिक स्वरूप देने एवं यात्रियों को उच्चस्तरीय सुविधाएं उपलब्ध कराने के लिए रेलवे प्रतिबद्ध है। रेलवे कर्मचारियों से संवाद करते हुए उन्होंने कार्यस्थलों की परिस्थितियों में सुधार, समुचित संसाधन उपलब्धता एवं कर्मचारियों की समस्याओं को प्राथमिकता के साथ निपटाए जाने की आवश्यकता पर बल दिया।

चर्चा

निरीक्षण की शुरुआत पनिहार–घाटीगांव खण्ड के किमी 1287 से 1291 के बीच स्थित कटिंग के ऑन-बोर्ड निरीक्षण से हुई। इस दौरान महाप्रबंधक द्वारा ढलान, जल निकासी व्यवस्था एवं ट्रैक सुरक्षा उपायों की समीक्षा की गई। घाटीगांव–मोहना खण्ड के मध्य स्थित महुआर पुल (ब्रिज संख्या 1260/1) तथा 2 डिग्री के कर्व (कर्व संख्या–32) का भी सूक्ष्म परीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान महाप्रबंधक ने संबंधित खण्ड में कार्यरत गैंग संख्या 24 व 25 के ट्रैकमैनों से बातचीत कर उपलब्ध संसाधनों, कार्य चुनौतियों और उनकी आवश्यकताओं के संबंध में जानकारी प्राप्त की। शिवपुरी स्टेशन पर महाप्रबंधक ने संरक्षा से जुड़े विभिन्न पहलुओं का निरीक्षण किया। उन्होंने इंटरलॉक्ड समपार फाटक संख्या 59, टर्नआउट संख्या 101A एवं 101B तथा यार्ड में सिग्नल और पॉइंट की स्थिति का परीक्षण किया। साथ ही गैंग संख्या 16 व 17 से बातचीत कर ट्रैक अनुरक्षण की नियमितता, ट्रॉली परीक्षण, निरीक्षण लॉगबुक इत्यादि की स्थिति की जानकारी ली गई। निरीक्षण के दौरान श्रीमती बंदोपाध्याय ने गेटमैन, ट्रैकमैन और पॉइंट्समैन से भी बातचीत कर उनके कार्य, चुनौतियों और सुविधाओं के बारे में जानकारी प्राप्त की।

गुना स्टेशन पर निरीक्षण के दौरान चल रहे पुनर्विकास कार्यों की प्रगति की समीक्षा की। महाप्रबंधक ने स्टेशन भवन में जारी प्लेटफॉर्म विस्तार, यात्री प्रतीक्षालय, शौचालय, पेयजल सुविधा, सर्कुलेटिंग एरिया, फुट ओवर ब्रिज एवं अन्य यात्री सुविधाओं का अवलोकन किया। साथ ही क्रू लॉबी में कार्यरत लोको पायलट एवं अन्य क्रू से मुलाकात कर कार्य के दौरान आने वाली चुनौतियों तथा आवश्यक संसाधनों पर चर्चा की । साथ ही लोको स्पीडोमीटर एनालिसिस सॉफ्टवेयर का शुभारंभ किया। इसी प्रकार रुठियाई स्टेशन पर पुनर्विकास प्रस्तावित एवं प्रगति पर चल रहे निर्माण कार्यों का निरीक्षण किया गया। स्टेशन पर बन रहे फुट ओवर ब्रिज, प्रतीक्षालय, दिव्यांगजनों हेतु रैम्प और अन्य यात्री सुविधा विस्तार कार्यों को देखा गया। महाप्रबंधक ने स्टेशन यार्ड, टिकट काउंटर, पैनल रूम व कार्यालय क्षेत्र का भी गहन निरीक्षण किया तथा समयसीमा के भीतर गुणवत्तापूर्ण कार्य पूर्ण करने के निर्देश दिए।

ब्यावरा राजगढ़ स्टेशन पर महाप्रबंधक द्वारा पुनर्विकास हो रहे अधोसंरचनात्मक कार्यों के साथ-साथ रामगंजमंडी–संत हिरदाराम नगर नई रेललाइन परियोजना के निर्माण की स्थिति का अवलोकन किया गया। उन्होंने नवनिर्मित ट्रैक्शन सब स्टेशन का भी निरीक्षण किया। साथ ही स्टेशन पर स्थित रिले रूम का निरीक्षण कर इलेक्ट्रिक इंटरलॉकिंग की व्यवस्था, बैटरी बैकअप, लॉगबुक संधारण एवं फॉल्ट रिपोर्टिंग प्रणाली की समीक्षा की गई। निरीक्षण के दौरान संबंधित पॉइंट्समैन और सिग्नल कर्मियों से बातचीत कर इलेक्ट्रॉनिक उपकरणों के संचालन में आने वाली तकनीकी जटिलताओं पर चर्चा की।

शाजापुर स्टेशन पर भी महाप्रबंधक ने अमृत भारत स्टेशन योजना के अंतर्गत चल रहे कार्यों का निरीक्षण किया। उन्होंने प्लेटफॉर्म ऊंचाई मानकीकरण, यात्री प्रतीक्षालय, ऊर्जा दक्ष एलईडी प्रकाश व्यवस्था, लिफ्ट लगने के कार्यों का अवलोकन किया। निरीक्षण के दौरान स्टेशन मास्टर कार्यालय, आरक्षण काउंटर व स्टेशन भवन के विभिन्न अनुभागों की स्थिति का मूल्यांकन किया गया।

इस निरीक्षण के दौरान उनके साथ मंडल रेल प्रबंधक श्री देवाशीष त्रिपाठी, प्रमुख मुख्य अभियंता श्री आशुतोष, प्रमुख मुख्य सिग्नल एवं दूरसंचार अभियंता श्री एकनाथ मोहकर, प्रमुख मुख्य संरक्षा अधिकारी प्रवीन खोराना, प्रमुख मुख्य वाणिज्य प्रबंधक कुशाल सिंह, प्रमुख मुख्य यांत्रिक अभियंता एम. विजय कुमार, मुख्य विद्युत लोको अभियंता डी एल मीना एवं वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक सौरभ कटारिया सहित मुख्यालय एवं मंडल के अन्य वरिष्ठ अधिकारीगण उपस्थित रहे।

## शॉट न्यूज

### बातचीत के बहाने बुलाकर नाबालिग को मारा चाकू

**इंदौर**। खुड़ैल इलाके में एक 17 वर्षीय नाबालिग को बातचीत करने के बहाने बुलाकर उस पर चाकू से हमला कर दिया गया। हमले के बाद आरोपी जान से मारने की धमकी देकर भाग गए। पुलिस के मुताबिक विवाद और चाकूबाजी की वारदात खुड़ैल क्षेत्र में धुलघाटी जामनिया खुर्द में एक किराना दुकान के पास हुई। 17 वर्षीय घायल नाबालिग निवासी धूलघाटी ग्राम जामनिया की रिपोर्ट पर आरोपी बंटी उर्फ अंकित पिता गोपाल कर्मा, हिमांशु निवासी पालदा इंदौर और कमलेश निवासी पुनासा डेम जिला खंडवा के खिलाफ केस दर्ज किया गया। घटना गत रात 8.30 बजे की है। फरियादी ने पुलिस को बताया कि आरोपियों के साथ करीब 8 दिन पहले विवाद हुआ था। पुलिस ने बताया कि घायल को उपचार के अस्पताल भेजा गया।

### पुराने विवाद में युवक को मारे चाकू


**इंदौर**। खुड़ैल इलाके में पुराने विवाद में आरोपी ने युवक पर चाकू से हमला कर घायल कर दिया। आरोपी ने चाकू से कंधे और पीठ पर वार किए और मौके से फरार हो गया। पुलिस के मुताबिक चाकूबाजी की वारदात खुड़ैल इलाके के ग्राम दूधिया में हुई। घायल का नाम चमन शर्मा (20) है। उसकी रिपोर्ट पर आरोपी भानू उर्फ विनय पिता विजय बुंदेला निवासी नीलगिरी परिसर ग्राम दुधिया के खिलाफ केस दर्ज किया गया। घटना दोपहर 2 बजे की है। फरियादी ने पुलिस को बताया कि आरोपी के साथ पुराना विवाद चल रहा है। उसी बात को लेकर आरोपी ने उसे गालियां दी और अपने पास रखे चाकू से हमला कर दिया। चाकू से उसने कंधे के पीछे और पीठ पर दो वार कर दिए जिससे चोट लगकर खून निकलने गला। आरोपी ने जान से मारने की धमकी दी और वहां से भाग गया।

### बेटी से कहासुनी के बाद मां ने खाया जहर, मौत

**इंदौर**। द्वारकापुरी इलाके में एक महिला ने बेटी से हुई कहासुनी के बाद जहर खाकर आत्महत्या कर ली। द्वारकापुरी थाना इलाके के प्रजापत नगर में रहने वाली सोनू पति लालू (35) ने अपने घर में जहर खा लिया। आसपास के लोगों को जब पता चला कि सोनू की तबीयत बिगड़ी तो वे उसे निजी अस्पताल लेकर गए। अस्पताल में डॉक्टरों को सोनू ने बताया कि उसने जहर खा लिया। इसके बाद डॉक्टरों ने पुलिस केस होने की बात करते हुए उसे जिला अस्पताल ले जाने की बात कही। बाद में यहां से महिला को एमवाय अस्पताल भेजा। यहां उसकी मौत हो गई। पड़ोसियों ने पुलिस को दिए बयान में बताया कि सोनू की बड़ी बेटी से उसकी कहासुनी हुई थी। इसके बाद उसने यह कदम उठा लिया। रिश्तेदारो ने बताया कि सोनू के पति अपनी बहन के बेटे के लिए लड़की देखने मक्सी गए थे। उन्हें दोपहर में सूचना की तो वह वापस आ गए। लेकिन जब तक पत्नी की मौत हो चुकी थी।

# 'नर्मदा घाटी से आदिमानव की खोज' नामक पुस्तक का लोकार्पण

संवाददाता ● भोपाल




इंदिरा गांधी राष्ट्रीय मानव संग्रहालय, भोपाल द्वारा दिनांक 20 जून 2025 को अपरान्ह 12 बजे संग्रहालय के पुस्तकालय हॉल में एक विशेष बुक रिलीज़ कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। इस गरिमामयी अवसर पर, संग्रहालय स्वर्गीय डॉ. अरुण सोनकिया द्वारा लिखित महत्वपूर्ण पुस्तक 'Discovery of Early Man from Narmada Valley' का लोकार्पण मुख्य अतिथि भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण, भोपाल मंडल के अधीक्षण पुरातत्वविद् डॉ मनोज कुमार कुर्मी द्वारा किया जाएगा।

लोकार्पण

डॉक्टर सोनकिया ने इस विशेष कार्य को पूरा करने के लिए महती प्रयास किए। किन्तु उनके असामयिक निधन हो जाने के कारण उनकी इस अधूरी पांडुलिपि को उनकी पुत्री श्वेता सोनकिया ने पुरातत्व एवं मानव विज्ञान के विशेषज्ञों के सहयोग से पूर्ण कर एक गहन व्यक्तिगत और विद्वत्तापूर्ण श्रद्धांजलि स्वरूप प्रकाशित किया है। यह न केवल एक शोध प्रबंध है, बल्कि पिता-पुत्री के भावनात्मक जुड़ाव और उनके साझा स्वप्न की पूर्णता का प्रतीक भी है. संग्रहालय के निदेशक प्रो. अमिताभ पाण्डे ने बताया कि यह पुस्तक नर्मदा घाटी में मानव विकास की प्रारंभिक कड़ियों को उजागर करती है, जो भारतीय पुरातत्व और मानव विज्ञान के क्षेत्र में एक अमूल्य योगदान है। स्व. डॉ. अरुण सोनकिया का कार्य प्रागैतिहासिक अध्ययनों में एक मील का पत्थर माना जाता है और यह पुस्तक उनके शोध की स्थायी विरासत को जनमानस तक पहुँचाने का माध्यम बनेगा। कार्यक्रम में प्रबुद्ध विद्वान, पुरातत्वविद, शोधार्थी, अधिकारीगण एवं आमंत्रित गणमान्य नागरिक सादर आमंत्रित है। संग्रहालय के जन संपर्क अधिकारी हेमंत बहादुर सिंह परिहार ने बताया यह आयोजन न केवल एक पुस्तक विमोचन है, अपितु अतीत की गहराइयों में झाँकने और हमारी सांस्कृतिक जड़ों को समझने का एक अवसर भी है।

# सुरक्षित हस्तांतरण के साथ वेयरेबल भुगतान में बदलाव लाने का प्रयास

**मुंबई**। भारत में निजी क्षेत्र के सबसे बड़े बैंकों में से एक, एक्सिस बैंक ने आज घोषणा की कि उसने भारत के नंबर 1 वेयरेबल ब्रांड, बोट (boAt) और भुगतान के लिहाज़ से अग्रणी वैश्विक प्रौद्योगिकी कंपनी, मास्टरकार्ड के साथ गठजोड़ किया है। इसके तहत बोट के नए लॉन्च किये गए अत्याधुनिक स्मार्टवॉच 'वेव फॉर्च्यून' के लिए टैप एंड पे एनएफसी एनेबल्ड भुगतान को सहजता से जोड़ा जाएगा । वेव फॉर्च्यून को 3,299 (विशेष ऑफर के दौरान 2,599) की प्रतिस्पर्धी कीमत के साथ उपयोगकर्ताओं को सुविधा, सुरक्षा और स्मार्टवॉच के बेहतरीन अनुभव प्रदान करने के लिए डिज़ाइन किया गया है।

एक्सिस बैंक कार्डधारक अब क्रेस्ट पे, बोट के आधिकारिक भुगतान ऐप के माध्यम से वेव फॉर्च्यून स्मार्टवॉच पर अपने डेबिट और क्रेडिट कार्ड को सुरक्षित रूप से टोकनाइज़ और स्टोर कर सकते हैं और आसानी से संपर्क रहित भुगतान कर सकते हैं। मास्टरकार्ड की टोकनाइज़ेशन प्रौद्योगिकी से संचालित और टैपी टेक्नोलॉजीज़ के दृढ़ टोकन रिक्वेस्टर बुनियादी ढांचा से समर्थित यह फीचर, कार्ड पिन दर्ज किए बिना पीओएस डिवाइस पर 5,000 तक का सिंगल-स्टेप भुगतान करने में मदद करता है, जिससे गति और सुरक्षा दोनों सुनिश्चित होती है।

मास्टरकार्ड द्वारा संचालित, भुगतान प्रणाली उपयोगकर्ताओं को त्वरित और निर्बाध लेन-देन के लिए स्मार्टवॉच स्ट्रैप के भीतर अपने कार्ड को सुरक्षित रूप से टोकनाइज़ करने और संगृहीत करने में मदद करती है। मास्टरकार्ड और वीज़ा नेटवर्क पर एक्सिस बैंक के क्रेडिट और डेबिट कार्डधारक वेव फॉर्च्यून स्मार्टवॉच से भुगतान करते समय अपने लिंक किए गए कार्ड के रिवॉर्ड और लाभों का आनंद लेते रहेंगे। एक्सिस बैंक की प्रेसिडेंट & हेड - कार्ड्स, पेमेंट्स और वेल्थ मैनेजमेंट, अर्निका दीक्षित ने इस साझेदारी के बारे में अपनी टिप्पणी में कहा, 'एक्सिस बैंक में, हम ग्राहकों को नए तरह की और सुरक्षित डिजिटल बैंकिंग समाधान प्रदान करने के लिए नवोन्मेष-आधारित साझेदारी मॉडल पर लगातार प्रयास कर रहे हैं। इस प्रक्रिया के तहत हमें बोट के साथ साझेदारी कर खुशी हो रही है।

### होम क्रेडिट इंडिया की स्टडी दि ग्रेड इंडियन वॉलेट के अनुसार

# शहर के 70 फीसदी उपयोगकर्त्ता यूपीआई पर भरोसा करते हैं

संवाददाता ● भोपाल



होम क्रेडिट इंडिया, एक अग्रणी कनज्यूमर फाइनेंस कंपनी, ने आज अपनी महत्वपूर्ण रिपोर्ट 'द ग्रेट इंडियन वॉलेट 2025' के तीसरे संस्करण के निष्कर्षों का अनावरण किया। इस वर्ष के अध्ययन में यह बात सामने आई है कि निम्न मध्यम वर्ग के भारतीयों की वित्तीय बेहतरी के दृष्टिकोण में एक परिवर्तनकारी बदलाव आया है। 'मैपिंग इंडियाज एस्पिरेशन्सः द ड्रीम्स इन एवरी वॉलेट' की थीम के साथ, यह अध्ययन देश के दो-तिहाई हिस्से का प्रतिनिधित्व करता है और एक लचीले, आशावादी और तेजी से डिजिटल हो रही आबादी की तस्वीर पेश करता है, जो न केवल जीवंत है, बल्कि अपनी आकांक्षाओं को पूरा करने के लिए फल-फूल रहा है। यह अध्ययन वित्तीय बेहतरी के सूचकांक से प्राप्त अंतर्दृष्टि के साथ-साथ आय, व्यय, वॉलेट शेयर, आकांक्षाओं और विवेकाधीन खर्च पर विस्तृत डेटा का लाभ उठाते हुए, पूरे देश में उपभोक्ताओं के वित्तीय जीवन की एक झलक प्रदान करता है। अध्ययन के अनुसार, देश की वित्तीय नब्ज मजबूत बनी हुई है, उपभोक्ता बढ़ती लागतों के अनुकूल होते हुए व्यावहारिक योजना और तेजी से महत्वाकांक्षी दृष्टिकोण प्रदर्शित कर रहे हैं। यह भावना विशेष रूप से शिक्षा, नौकरी के अवसरों और किफायती ऋण की इच्छा जैसे महत्वपूर्ण क्षेत्रों पर उनके ध्यान में स्पष्ट है।

**भोपाल का अनूठा वित्तीय परिदृश्य** - भोपाल के निवासी अपनी औसत मासिक आय 28,000 है और खर्च 18,000 के बीच अपना वित्तीय प्रबंधन करते हैं। इस साल, शहर में बचत में एक उल्लेखनीय बदलाव देखा गया है, 2025 में 59% उत्तरदाताओं ने बचत की है – जो पिछले वर्ष की तुलना में 12 अंकों की महत्वपूर्ण गिरावट है।

मासिक आवश्यक खर्चों में, किराने का सामान 33% है। आवागमन पर 19% खर्च किया जाता है, जो सभी शहरों में सबसे अधिक है, संभवतः सीमित स्थानीय बुनियादी ढांचे के कारण। अन्य प्रमुख खर्चों में किराया (14%), बच्चों की शिक्षा (14%), बिजली (6%), खाना पकाने की गैस (3%), और मोबाइल खर्च (2%) शामिल हैं।

विवेकाधीन खर्च के मामले में, भोपाल के निवासी स्थानीय यात्रा और दर्शनीय स्थलों (37%) और बाहर खाने (31%) पर विशेष झुकाव दिखाते हैं, साथ ही फ़िल्मों (24%) में भी उनकी रुचि है। पिछले छह महीनों में व्यापक जीवनशैली निवेशों में कपड़े और एक्सेसरीज़ पर 39%, इलेक्ट्रॉनिक्स पर 30%, बाहर की यात्रा पर 28%, घरेलू उपकरणों पर 22%, और घर की सजावट पर 3% खर्च किया गया है।

भोपाल में डिजिटल जुड़ाव अधिक है, 70% निवासी सक्रिय रूप से यूपीआई सेवाओं का उपयोग कर रहे हैं। यह मजबूत जुड़ाव लागत संवेदनशीलता के साथ आता है, क्योंकि 44% लोग लेनदेन शुल्क लगने पर यूपीआई का उपयोग बंद कर देंगे। साथ ही, ऑनलाइन वित्तीय धोखाधड़ी एक बड़ी चिंता बनी हुई हैः 69% लोग ऐसी धोखाधड़ी के बारे में जानते हैं, और शहर के 20% उपयोगकर्ताओं ने इसके शिकार होने की सूचना दी है। इसके अतिरिक्त, 47% लोगों को अक्सर धोखाधड़ी वाले कॉल या संदेश प्राप्त होते हैं।

# कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने किया बाबा साहब का अपमान

### 'राहुल गांधी की तस्वीर पर दूध से अभिषेक करना कांग्रेस की चमचागिरी की पराकाष्ठा' : मंत्री श्री विश्वास कैलाश सारंग

संवाददाता ● भोपाल



सहकारिता, खेल एवं युवा कल्याण मंत्री श्री विश्वास कैलाश सारंग ने कांग्रेस कार्यकर्ताओं द्वारा भोपाल के बोर्ड ऑफिस चौराहे पर बाबा साहब डॉ. भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा के नीचे राहुल गांधी की तस्वीर रखकर उस पर दूध से अभिषेक करने के मामले पर तीखी प्रतिक्रिया दी है। मंत्री श्री सारंग ने इसे 'चमचागिरी की पराकाष्ठा' करार देते हुए कहा कि, कांग्रेस कार्यकर्ताओं द्वारा बाबा साहब की प्रतिमा के नीचे इस तरह का आयोजन करना बाबा साहब का अपमान है। उन्होंने कहा कि बाबा साहब ने संविधान का निर्माण कर लोकतंत्र की स्थापना की थी। वहीं कांग्रेस इस प्रकार एक ही परिवार का महिमामंडन कर वंशवाद को बढ़ावा दे रही है।

**कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने किया बाबा साहब का अपमान** : मंत्री सारंग ने कहा कि इससे ज्यादा आपत्तिजनक कुछ नहीं हो सकता। डॉ. अंबेडकर की प्रतिमा के नीचे राहुल गांधी की तस्वीर रखकर दूधाभिषेक करना अत्यंत निंदनीय है। यह बाबा साहब का घोर अपमान है, जिसे यह देश कभी सहन नहीं करेगा। उन्होंने कहा कि कांग्रेस कार्यकर्ता जिस तरह राहुल गांधी की तस्वीर के साथ दूध अर्पण कर रहे हैं, मानो वे कोई भगवान हों। "क्या राहुल गांधी अब भगवान हो गए हैं? क्या कांग्रेस बाबा साहब को चुनौती देने का दुस्साहस कर रही है? यह कार्यक्रम सुनियोजित और जानबूझकर किया गया कृत्य है, जो सीधे-सीधे डॉ. अंबेडकर की गरिमा को ठेस पहुंचाने वाला है।"

**बाबा साहब के अपमान के लिये माफी मांगे राहुल गांधी** : मंत्री सारंग ने कहा कि नेहरू परिवार और कांग्रेस की नीति और रीति हमेशा से बाबा साहब के विरोध की रही है। नेहरू ने डॉ. अंबेडकर को लोकसभा में नहीं पहुंचने दिया था। उन्होंने कहा कि कांग्रेस कार्यकर्ताओं द्वारा किया गया यह कृत्य डॉ. अंबेडकर का अपमान है। कांग्रेस कार्यकर्ताओं और राहुल गांधी को जनता से माफी मांगनी चाहिए। यह देश बाबा साहब के अपमान को कभी बर्दाश्त नहीं करेगा।

### सरकार और समाज के बीच सेतु का कार्य करते हैं पीआरओ : प्रवीण दुबे

# एमसीयू में जनसंपर्क अधिकारियों की पांच दिवसीय प्रशिक्षण कार्यशाला का हुआ शुभारंभ

संवाददाता ● भोपाल



माखनलाल चतुर्वेदी राष्ट्रीय पत्रकारिता एवं संचार विश्वविद्यालय में मध्यप्रदेश जनसंपर्क विभाग के नवीन सहायक जनसंपर्क अधिकारियों के लिए पांच दिवसीय प्रशिक्षण कार्यशाला का शुभारंभ गुरुवार को विश्वविद्यालय के कुलगुरु विजय मनोहर तिवारी, अपर संचालक गुरमीत सिंह वाधवा, उप संचालक अवनीश सोमकुंवर , ऋषभ जैन ने किया। इस अवसर पर कुलगुरु श्री तिवारी ने कहा कि जनसंपर्क अधिकारियों में जन शब्द लगा है इसीलिए उन्हें जन का विशेष ध्यान रखना चाहिए । उन्होंने कहा कि पी आर ओ को लिखते समय अपने भीतर के पत्रकार को मरने नहीं देना चाहिए, उसे हमेशा जगाए रखना चाहिए। श्री तिवारी ने कहा कि पीआरओ सीधे जनता से जुड़ेंगे तो जनता को अच्छा लगेगा। अच्छा लिखने की बात करते हुए उन्होंने कहा कि अच्छा लिखने का सामर्थ अच्छा पढ़ने से आता है इसलिए आपको खूब पढ़ना चाहिए ताकि अच्छा लिख सको । श्री तिवारी ने कहा कि अगले 25 साल अतिमहत्वपूर्ण हैं । 2047 में जब आजादी के 100 साल पूरे होंगे तो इसमें आपका भी योगदान और भूमिका बहुत बड़ी होगी। कुलगुरु ने कहा कि जनसंपर्क अधिकारियों को अच्छी मंशा एवं नियत के साथ कार्य करना चाहिए । गांव में बहुत अच्छे अच्छे कार्य करने वाले,नवाचार करने वाले लोगों से, सरपंचों से मिलना चाहिए और उनकी कहानियों को लेखन के माध्यम से लोगों तक पहुंचाना चाहिए। शिक्षा, स्वास्थ्य, कृषि,उद्यान,इंफ्रास्ट्रक्चर आदि जनता से सीधे जुड़े विषय पर लेखन करने की बात करते हुए कुलगुरु ने कहा कि आप जिस भी जिले में जाएं उसके इतिहास, वहां की खूबियों के बारे में अवश्य जानकारी रखें।

शुभारंभ

जनसंपर्क विभाग के अपर संचालक श्री गुरमीत सिंह वाधवा ने कहा कि जनसंपर्क अधिकारियों को रुटीन खबरों के अलावा यूनिक एवं हटके खबरें देने का प्रयास करना चाहिए। हमेशा सजग रहने की बात करते हुए उन्होंने कहा कि पीआरओ को सफल होना है तो मीडिया के साथ समन्वय बहुत जरुरी है। उन्होंने समाचार लेखन में सुधार की करते हुए कहा कि अखबारों की लीड और हेड लाइन को प्रतिदिन देखने और उनसे भी कुछ नया सीखने की बात कही। श्री वाधवा ने कहा कि सोशल मीडिया से पहले जनसंपर्क विभाग का काम सुबह 10 से शाम 6 तक का था, लेकिन आज के दौर में यह काम 24 घंटे का हो गया है। उन्होंने कहा कि सोशल मीडिया के कारण आपको सावधानी और सतर्कता के साथ अपनी भूमिका निभाना है। वरिष्ठ पत्रकार प्रवीण दुबे ने कहा कि जनसंपर्क अधिकारी सरकार और समाज के बीच ब्रिज का काम करते हैं । वर्तमान युग सोशल मीडिया का है अतः पी. आर. ओ. भूमिका भी बदल गई है । पहले प्रचार प्रसार मुख्य कार्य था लेकिन आजकल क्राइसिस मैनेजमेंट जैसी जिम्मेदारी भी निभाना पड़ रहा है। श्री दुबे ने नवीन जनसंपर्क अधिकारियों को केश स्टडी पढ़ने एवं सोशल मीडिया पर कुछ भी पोस्ट करते समय विशेष सतर्कता बरतने को कहा।

### प्रबंधन ने अपने विचार व्यक्त किए

शुभांरभ सत्र के बाद अगले सत्र में मध्यप्रदेश की भौगोलिक जानकारी, क्षेत्रफल, जनसंख्या विषय पर विषय विशेषज्ञ सी.के. शर्मा ने महत्वपूर्व जानकारी प्रदान की। वहीं कमलेश माहेश्वरी ने सोशल मीडिया प्रबंधन विषय पर अपने विचार व्यक्त किए। अंतिम सत्र में विषय विशेषज्ञ मनोज श्रीवास्तव ने कृषि विकास योजनाएं पर महत्वपूर्ण जानकारी प्रदान की। शुभांरभ सत्र में जनसंपर्क विभाग के सभी एपीआरओ विश्वविद्यालय के कुलसचिव डॉ. अविनाश वाजपेयी, विवि.के विभिन्न विभागों के विभागाध्यक्ष डॉ.पवित्र श्रीवास्तव, डॉ.आरती सारंग, डॉ. राखी तिवारी, संबंध अध्ययन संस्थाएं निदेशक डॉ.आशीष जोशी, परीक्षा नियंत्रक डॉ.राजेश पाठक, सहायक कुलसचिव अनुराधा मालवीय, प्रोड्यूसर डॉ. मनोज पटेल, द्विटर डॉ. गरिमा पटेल, प्रभारी निदेशक,प्रवेश डॉ. शलभ श्रीवास्तव,जनसंपर्क अधिकारी डॉ. अरुण कुमार खोबरे उपस्थित थे। प्रशिक्षण कार्यशाला का संचालन प्रभारी निदेशक प्रशिक्षण डॉ. जया सुरजानी ने किया एवं कुलसचिव डॉ.अविनाश वाजपेयी ने आभार ज्ञापित किया।

### यात्रियों की सुरक्षा को बढ़ावा देने के लिए रेलवे की अनूठी पहल ला रही रंग, लोग ले रहे सैल्फी और फोटोग्राफ्स

# रेलवे स्टेशन पर छोटा भीम जागरुकता प्रदर्शनी बनी यात्रियों के आकर्षण का केंद्र

संवाददाता ● इंदौर

पहल

पश्चिम रेलवे का रतलाम मंडल यात्री सुविधा के साथ ही ट्रेनों के सुरक्षित और संरक्षित परिचालन के लिए प्रतिबद्ध है। जनजागरुकता यात्री सुरक्षा एवं संरक्षा का एक महत्वपूर्ण अंग है। इसके साथ ही रेलवे द्वारा यात्रियों को जागरूक करने के लिए विभिन्न माध्यमों का उपयोग कर रहा है।

पश्चिम रेलवे के जनसंपर्क अधिकारी खेमराज मीना ने बताया कि इसी क्रम में जन जागरूकता और यात्री सुरक्षा और संरक्षा को बढ़ावा देने के लिए एक अनूठी पहल के तहत पश्चिम रेलवे छोटा भीम के साथ जुड़ गया है। इसके तहत पश्चिम रेलवे शैक्षणिक और आउटरीच गतिविधियों की पहुंच बड़े स्तर पर करने के लिए छोटा भीम की दुनिया के प्रिय पात्रों का उपयोग कर रहा है। आजकल छोटा भीम कैरेक्टर बच्चों में काफी लोकप्रिय है। छोटा भीम करेक्टर के माध्यम से बच्वें तो संदेश ग्रहण कर ही रहे हैं। इसके इसके साथ ही बच्चों के माध्यम से बड़ों में भी संदेश पहुंचाने में मदद मिल रही है। छोटा भीम कैरेक्टर के माध्यम यात्रियों के मध्य सुरक्षा और संरक्षा के प्रति जागरूकता के लिए 18 जून से एक जागरूकता अभियान का आगाज किया गया है।

इस कैंपेन के अंतर्गत यात्रियों को छोटा भीम कैरेक्टर के माध्यम से चलती ट्रेन से न उतरने - चढ़ने के विषय को लेकर जागरूकता फैलाई जा रही है। इसके अलावा पश्चिम रेलवे ट्रेसपासिंग व सेफ्टी से संबंधित अन्य विषयों पर जागरुकता अभियान चलाया जा रहा है। स्टेशन पर प्रदर्शनी के अलावा अनाउसमेंट भी किया जा रहा है। सोशल मीडिया व डिजिटल स्क्रीन पर भी जागरूकता के मैसेज दिये जा रहे हैं। इस कैंपेन के तहत नुक्कड़ नाटकों व अन्य परंपरागत माध्यमों से कैंपेन को चलाया जा रहा है। इंदौर रेलवे स्टेशन पर छोटा भीम कैरेक्टर पर आधारित यह प्रदर्शनी यात्रियों के लिए आकर्षण का केंद्र बन गया है। यात्री आते-जाते एक नजर देख रहे हैं जिससे प्रदर्शनी में प्रदर्शित संदेश भी आम यात्रियों तक काफी आसानी से पहुंच रही है। बच्चों के लिए यह आकर्षण का महत्वपूर्ण केंद्र बन गया है। छोटा भीम के साथ बच्चे एवं बड़े फोटो और सेल्फी ले रहे हैं। इस प्रकार का आकर्षण किसी न किसी रूप में संरक्षा एवं सुरक्षा से जुड़े संदेश यात्रियों तक काफी सरलता से पहुंचाया जा रहा है।




### दिव्यांगों के लिए ऑनलाइन रियायती कार्ड की सुविधा का अब तक 800 से ज्यादा को फायदा

भारतीय रेलवे दिव्यांगों को सुविधा उपलब्ध कराने के लिए सदैव तत्पर है । दिव्यांगजनों के लिए रियायती कार्ड जारी करने के लिए भारतीय रेलवे द्वारा ऑनलाइन सुविधा शुरु की गई है। रतलाम मंडल पर भी यह सुविधा नवम्बर से उपलब्ध है। दिव्यांगजनों के लिए ऑनलाइन रियायती कार्ड जारी करना भारत सरकार के डीजिटल क्रांति का परिणाम है। पश्चिम रेलवे के जनसंपर्क अधिकारी खेमराज मीना ने बताया कि रियायती कार्ड के लिए ऑनलाइन की सुविधा होने से दिव्यांगजनों न केवल शारीरिक परेशानी बच रहे हैं, बल्कि मानसिक एवं आर्थिक परेशानी भी कम हो गई है। इस सुविधा का लाभ घर बैठे मोबाइल फोन/लैपटॉप/कम्प्यूटर के माध्यम लिया जा सकता है। इसके लिए दिव्यांग कर्मचारियों को रेलवे कार्यालय जाने की आवश्यकता नहीं है। नवंबर में ऑनलाइन माध्यम से रियायती कार्ड बनाने की सुविधा की शुरुआत की गई। अब तक लगभग 800 से अधिक रियायती कार्ड बनाकर लोगों को फायदा पहुंचाया जा चुका है।

## शॉट न्यूज

### पत्नी के साथ मारपीट कर दिया तलाक

**इंदौर**। एमजी रोड इलाके में पति और परिजन ने मिलकर पत्नी के साथ मारपीट की फिर पति ने तलाक देकर रिश्ता तोड़ दिया। एमजी रोड पुलिस ने फरियादी रोजमीर अंसारी 23 साल निवासी नयापुरा की रिपोर्ट पर पति अमीर हम्ज़ा ससुर मोहम्मद फरीद अंसारी और मोहम्मद बिलाल के खिलाफ मुस्लिम महिला विवाह का अधिकार संरक्षण अधिनियम 2019 की धारा 4 के तहत केस दर्ज किया है। फरियादी ने बताया कि पति और अन्य परिजनों ने दहेज की बात को लेकर उसके साथ बेरहमी से मारपीट की, जिससे उसके सिर कमर पर चोट आई। फरियादी के मुताबिक पति अमीर हमजा ने तलाक देकर रिश्ता तोड़ दिया। इसी प्रकार फरियादी नीतू चौहान 27 साल निवासी बड़ी कलमेर की रिपोर्ट पर पति विनोद ससुर सौरभ परमार जेट मनोज परमार जेठानी रानी परमार आदि के खिलाफ केस दर्ज किया है। नीतू ने बताया कि उसे मायके से 5 लाख रुपए लाने के लिए प्रताड़ित कर रहे थे।

### समझौता करने के बहाने बुलाया और किया सरिये से मारा

**इंदौर**। आपसी विवाद में तीन आरोपियों ने एक युवक को समझौता करने के बहाने बुलाया और सरिए से हमला कर घायल कर दिया। पुलिस के मुताबिक मारपीट की घटना समीपस्थ देपालपुर क्षेत्र के ग्राम अटाहेडा में हुई। घायल का नाम सुनील बीसी पिता कमल निवासी ग्राम अटाहेडा है। उसकी रिपोर्ट पर आरोपी दिलीप बीसी पिता कैलाश, जसवंत गेहलोत पिता कृपाराम निवासी शाहपुरा और दीपक बीसी पिता कैलाश के खिलाफ केस दर्ज किया गया। हमला दशरथ सिंह के होटल के बाहर हुई। पुलिस के मुताबिक आरोपियों और फरियादी के बीच पुराना झगड़ा चल रहा है। इसी विवाद में आरोपियों ने उसे होटल के बाहर समझौता करने की बात का कहकर बुलाया। जैसे ही वह वहां पहुंचा तो आरोपी बोले कि तू पुलिस को बहुत शिकायत आवेदन दे रहा है। इसी बात को लेकर गालियां दी और लोहे के सरिए से वार कर दिए। लात-घूसों से भी पीटा। फिर जान से मारने की धमकी देकर भाग गए।

### कुमेड़ी आईएसबीटी को शुरू करने की तैयारी

# प्रायोगिक तौर पर कुछ बसों का शुरू हो सकता है संचालन



संवाददाता ● इंदौर

विचार

पत्थर मुंडला में बनाए गए नए आईएसबीटी की हालत देख प्रशासन और आइडिया के अधिकारी कुमेड़ी बस स्टैंड को शुरू करने के पहले सभी बातों पर विचार कर रहे हैं। बताया जा रहा है कि कुमेड़ी आईएसबीटी की स्थिति पत्थर मुंडला स्थित बस स्टैंड से अलग है, लेकिन फिर भी अधिकारी किसी प्रकार का रिस्क नहीं लेना चाह रहे हैं। इसलिए एमआर-10 के कुमेड़ी में तैयार आईएसबीटी ( इंटर स्टेट बस टर्मिनल) को शुरू करने के लिए लगातार टेंडर जारी किए जा रहे हैं। इसके बाद अब इस बात पर विचार किया जा रहा है कि यहां से प्रायोगिक तौर पर कुछ बसों का संचालन शुरू किया जाए। इसे यह पता चलेगा कि यहां यात्रियों को और बस स्टैंड को शुरू करने के लिए किस प्रकार की परेशानियां सामने आएंगी, जिन्हें दूर किया जा सकता है।

जानकारी अनुसार सिर्फ प्रशासन ही नहीं सांसद और विधायक तक आईएसबीटी को चालू करवाने के लिए कोशिश कर रहे हैं। इसके लिए कई बार अधिकारियों से भी चर्चा हो चुकी है अब संचालन के लिए और क्या प्रयास किए जाएं, इस पर मंथन किया जा रहा है। कोई कंपनी नहीं आई तो प्रायोगिक तौर पर कुछ दिन के लिए यहां से एआईसीटीएसएल की बसें चलाई जा सकती है। इससे यह पता चल सकेगा कि बस संचालन के दौरान क्या-क्या दिक्कत आएंगी। यहां जुटाई जाने वाली अन्य सुविधाओं को जुटाया जाएगा, ताकि स्थायी संचालन के बाद यात्रियों, चालकों, दुकानदारों को किसी प्रकार की असुविधा नहीं हो सके। शहर के आंतरिक मार्गों से बसों का संचालन कम करने जिला प्रशासन सतत प्रयासरत है। इसके लिए कई बार बस मालिकों को बाहरी क्षेत्र से यात्री बैठाने, उतारने के आदेश हो चुके हैं, लेकिन बाहरी क्षेत्र में उतरने के बाद गंतव्य तक यात्री को पहुंचने में पसीने छूटने लगते हैं। वहीं बसों को सवारियां भी नहीं मिलती है। कुछ दिन बाद बस वाले वापस शहर में प्रवेश कर गए, जिससे स्थिति यह बन जाती है कि बसें जिस मार्ग से गुजरती है, वहां जाम लगने के साथ अन्य वाहन चालकों को निकलने में असुविधा होती है।

### रात में यात्रियों को घर तक पहुंचाने की हो सकती है परेशानी

**शहर में लगने वाले ट्रैफिक जाम की परेशानी को दूर करने कुमेड़ी में आईएसबीटी तैयार किया गया, ताकि बाहरी मार्ग से होकर यात्री आवाजाही कर सके। यह आईएसबीटी ऐसे स्थान पर है, जहां से रात को भी यात्री आसानी से गंतव्य आ सकता है। केवल एक ही दिक्कत है कि यहां से जो बसें विजय नगर चौराहा से होकर गुजरेगी, वहां बापट चौराहा से विजय नगर तक ट्रैफिक का कबाड़ा कर देगी। सूत्रों ने बताया कि नवनिर्मित आईएसबीटी जब तक कंपनी के हाथ में नहीं जाता, तब तक यहां से प्रायोगिक तौर पर कुछ बसों का संचालन कर दिया जाए। इससे यह पता चल सकेगा कि यात्रियों को क्या असुविधा होती है। असुविधाओं का निपटारा भी हो जाएगा। उल्लेखनीय है कि आईएसबीटी को मेट्रो ट्रेन लाइन से जोड़ा गया है। मेट्रो का एक स्टेशन यहां है, जिसका प्लेटफार्म भी आईएसबीटी परिसर में तैयार किया जा रहा है।आईएसबीटी के शुरु होने से मेट्रो ट्रेन की लाभ भी यात्री उठा सकेंगे।**

### जनकार्य और उद्यान प्रभारी ने दिए निर्माण कार्यों को शीघ्रता से पूर्ण करने के निर्देश

# विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 1 के सड़क और पुलिया निर्माण का किया निरीक्षण

संवाददाता ● इंदौर

शहर के पश्चिमी क्षेत्र में यातायात व्यवस्था को सुदृढ़ और सुगम बनाने के उद्देश्य से नगर निगम द्वारा सड़क निर्माण एवं पुलिया निर्माण कार्य तीव्र गति से किए जा रहे हैं। इसी कड़ी में आज जनकार्य एवं उद्यान प्रभारी राजेन्द्र राठौर द्वारा विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 1 के अंतर्गत चल रहे महत्वपूर्ण सड़क निर्माण कार्यों का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान राठौर ने अधिकारियों एवं ठेकेदार प्रतिनिधियों को निर्देशित किया कि सभी निर्माण कार्य तय समय-सीमा में गुणवत्तापूर्ण रूप से पूर्ण किए जाएं ताकि नागरिकों को वर्षा ऋतु में आवागमन में कोई असुविधा न हो। निरीक्षण के दौरान इन प्रमुख सड़कों और पुलियाओं का अवलोकन किया गया।

इनमें एमआर-5 मार्ग (इंदौर वायर से बड़ा बांगड़दा तक) – लगभग 5.5 किलोमीटर लंबी इस सड़क का कार्य शहर के महत्वपूर्ण संपर्क मार्गों में शामिल है। जिंसी चौराहा से लक्ष्मीबाई प्रतिमा तक की सड़क – 330 मीटर लंबी इस सड़क का कार्य भी प्रारम्भ किया जा रहा है, जो आवागमन की दृष्टि से अत्यंत महत्त्वपूर्ण है। कंडीलपुरा रोड (सुभाष मार्ग से इंदौर वायर चौराहा तक) – 550 मीटर लंबी यह सड़क पश्चिमी क्षेत्र को मध्य क्षेत्र से जोड़ती है। कंडीलपुरा एवं लक्ष्मीबाई प्रतिमा पर स्थित पुलियाएं – इन पुलियाओं का निर्माण कार्य भी प्रारंभ किया जा रहा है। महापौर परिषद सदस्य अश्विन शुक्ल, क्षेत्रीय पार्षद पराग कौशल, मनोज मिश्रा, पार्षद सोनाली धारकर, अपर आयुक्त अभय राजनगांवकर, अधीक्षण यंत्री डीआर लोधी, कार्यपालन यंत्री और अन्य विभागीय अधिकारी उपस्थित रहे। राठौर ने कहा कि नगर निगम नागरिकों की सुविधाओं को प्राथमिकता देते हुए संकल्पबद्ध है। विकास कार्यों की सतत निगरानी की जा रही है।



### परशुराम सेना की संभागीय बैठक 22 को श्रम शिविर में

**इंदौर**। श्री परशुराम सेना मध्यप्रदेश की संभागीय बैठक 22 जुन को श्रम शिविर इन्दौर में आयोजित की जा रही है, प्रदेश भर में आयोजित की जा रही संभागीय बैठकों के क्रम में उज्जैन सभांग के बाद इन्दौर में यह दूसरी बैठक आयोजित होने जा रही है। सेना के प्रदेश अध्यक्ष पं. अनूप शुक्ला, प्रदेश प्रवक्ता दीपक शुक्ला ने बताया कि आगामी रविवार 22 जून को श्रम शिविर स्थित सभा गृह में सुबह 11 बजे से प्रारंभ होने वाली इस बैठक में इन्दौर, खंडवा, खरगोन, बड़वानी, बुरहानपुर, धार, झाबुआ, आलीराजपुर के प्रदेश प्रतिनिधि और जिला अध्यक्ष शामिल होगे। बैठक में परशुराम सेना के संगठन, सेवा कार्य, आन्दोलन एवं आगामी आयोजनों से सम्बन्धित प्रस्तावों के साथ ही 20 जुलाई को जानापाव यात्रा आयोजन पर भी महत्वपूर्ण निर्णय लिये जाना है।

### योगमय होगा इंदौर : विश्व योग दिवस पर गोपुर चौराहे पर होगा भव्य आयोजन

# 'योग मित्र अभियान' की सफलता के तीन वर्ष पूर्ण

संवाददाता ● इंदौर

स्वस्थ समाज और जनजागरूकता की दिशा में इंदौर नगर पालिक निगम द्वारा महापौर पुष्यमित्र भार्गव के नेतृत्व में प्रारंभ 'योग मित्र अभियान' ने शहर के नागरिकों के जीवन में नई ऊर्जा का संचार किया है। पिछले तीन वर्षों में यह अभियान न केवल हर वार्ड बल्कि हर घर तक पहुंच चुका है। बाग-बगीचों, सार्वजनिक स्थलों और संस्थानों में प्रतिदिन प्रातः योग साधकों की उपस्थिति अब शहर की पहचान बन चुकी है। इसी श्रृंखला में आगामी विश्व योग दिवस के अवसर पर 21 जून को एक विशाल योग सत्र का आयोजन गोपुर चौराहे पर किया जा रहा है, जिसकी तैयारियाँ नगर निगम द्वारा बड़े स्तर पर की जा रही हैं।

महापौर पुष्यमित्र भार्गव ने जानकारी देते हुए बताया कि इंदौर ने स्वच्छता में देश को नेतृत्व दिया है, अब हम एकजुट होकर स्वास्थ्य के क्षेत्र में भी प्रेरणा बनना चाहते हैं। योग दिवस पर हमारा यह आयोजन पूरे देश को यह संदेश देगा कि इंदौर स्वच्छता के साथ-साथ स्वास्थ्य के लिए भी उतना ही सजग है। इस विशेष योग आयोजन की खास बात यह है कि इसमें प्रसिद्ध फिल्म अभिनेत्री अदा शर्मा, जो चर्चित फिल्म 'द केरला स्टोरी' में अपने अभिनय के लिए जानी जाती हैं, विशेष अतिथि के रूप में सम्मिलित होंगी। कार्यक्रम का समय सुबह 6 बजे से 8 बजे तक निर्धारित किया गया है। नागरिकों की अधिकाधिक संख्या में भाग लेने की दृष्टि से तैयारी भी व्यापक की जा रही है।

### सांवेर क्षेत्र की 110 ग्राम पंचायतों में होगा श्मशान सौन्दर्गीकरण का काम

संवाददाता ● इंदौर

सांवेर विधानसभा क्षेत्र की समस्त 110 ग्राम पंचायतों में जनसुविधा हेतु श्मशान घाट, मुक्तिधामों का सौन्दर्यीकरण किया जाएगा। प्रथम चरण में श्मशान स्थल पर घाट एवं शैया बनाई जायेगी। तत्पश्चात द्वितीय चरण में सपूर्ण क्षेत्र की बाउण्ड्रीवाल, शोकसभा हॉल एवं कुर्सी, गार्डन, चौकीदार कक्ष आदि का निर्माण कर सौन्दर्यीकरण किया जायेगा। जल संसाधन मंत्री तुलसीराम सिलावट ने इस सबंध में बताया कि ग्रामवासियों की मांग पर सांसद शंकर लालवानी से सांवेर के विभिन्न ग्रामों में श्मशान घाट बनाने के लिए अनुरोध किया गया। इस पर लालवानी द्वारा विधानसभा सांवेर के 30 ग्रामों में 90 लाख रुपये की लागत के 30 श्मशान घाटों की स्वीकृति दी गई। ग्राम खामोद आंजना, मकोडिया-मच्छूखेडी, अर्जुन बरोदा, सिमरोल खाण्डाखेडी, लालाखेडा, पलासिया, शिवनी-गढी, बावलियाखूर्द, बडोदियाखान, किठोदा, जामोदी, पानोड-चिमली, कदवाली बुजुर्ग, हिण्डोलिया, बलघारा, अजनोद रेलवे स्टेशन, हासाखेडी, तराना, नागपुर, माताबरोडी, धतुरिया-कमल्याखेडा, चित्तोडा, मुरादपुरा-सतलाना, जम्बुडी सरवर, अजनोटी, मण्डोद, पेडमी, जैतपुरा, बुरानाखेडी, जगमाल पिपलिया, गारी पिपलिया, केलोदहाला, हरणखेडी, खण्डेल-खराडिया, सेमलिया रायमल, अरन्या एवं झलारिया में 3-3 लाख रूपये प्रत्येक के श्मशान घाट-मुक्तिधाम बनेंगे। मंत्री सिलावट ने सांसद निधि से 30 ग्रामों में 90 लाख रूपये की लागत के श्मशान घाट की स्वीकृति पर सांसद शंकर लालवानी का आभार व्यक्त किया।

### अधिकारी बांधों का निरीक्षण कर सुधार कार्य करें पूर्ण

# बाढ़ नियंत्रण कक्ष में 24 घंटे कार्य सुनिश्चित करें : सिलावट

संवाददाता ● इंदौर

बैठक

जल संसाधन मंत्री तुलसीराम सिलावट ने निर्देश दिए हैं कि विभागीय अधिकारी वर्षा से पूर्व सभी बांधों का निरीक्षण करें एवं वर्षा से पहले ही आवश्यकतानुसार सुधार कार्य कर लिए जाएं। सभी बांधो के गेट्स का मेंटेनेंस कर उन्हें क्रियाशील स्थिति में रखा जाए। जल संसाधन मंत्री सिलावट ने मंत्रालय में वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से विभागीय कार्यों की समीक्षा बैठक की। बैठक में अपर मुख्य सचिव डॉ. राजेश राजौरा, प्रमुख अभियंता विनोद कुमार देवड़ा आदि उपस्थित थे। क्षेत्रीय अधिकारी वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से सम्मिलित हुए। बैठक में आगामी मानसून पूर्व तैयारियों एवं विभाग द्वारा संचालित जल गंगा संवर्धन कार्यक्रम की समीक्षा की गई।



प्रमुख अभियंता विनोद देवड़ा द्वारा वर्षा ऋतु से पूर्व बांधों की सुरक्षा और संभावित आपदा स्थितियों से निपटने संबंधी विभागीय योजना एवं विभाग द्वारा किए गए जल संरक्षण कार्यक्रमों की जानकारी प्रस्तुतीकरण के माध्यम से दी गई। जल संसाधन मंत्री सिलावट ने निर्देश दिए कि जिला स्तर पर बाढ़ नियंत्रण कक्ष स्थापित कर 24 घंटे क्रियाशील किया जाए। निरीक्षण दल गठित कर नियमित मॉनीटरिंग हो और वर्षा काल के दौरान कोई भी अधिकारी बगैर सक्षम अधिकारी की अनुमति के मुख्यालय न छोड़े। जल संसाधन मंत्री सिलावट ने निर्देश दिए कि वर्षा काल में जब भी डैम से पानी छोड़ने की स्थिति बने जिले के सभी अधिकारियों, जनप्रतिनिधियों और अन्य महत्वपूर्ण संस्थाओं को अग्रिम सूचना दे दी जाए। जिन स्थानों पर पानी छोड़ा जा रहा है वहां जन सामान्य को पर्याप्त समय पूर्व पानी छोड़ने की सूचना अनिवार्य रूप से दी जाए। उन्होंने निर्देश दिये कि विभागीय मैन्युअल के अनुसार वर्षा पूर्व निरीक्षण प्रतिवेदन विभागीय पोर्टल पर दर्ज किए जाएं और भारत सरकार द्वारा लागू डैम सेफ्टी एक्ट के अंतर्गत चिन्हित राज्यों के बांधों से संबंधित प्रतिवेदन भी समय पर भारत सरकार के पोर्टल पर दर्ज किए जाएं। मंत्री सिलावट ने निर्देश दिए कि विभाग द्वारा संचालित जल गंगा संवर्धन कार्यक्रम को आगामी 14 दिनों में पूर्ण गति से क्रियान्वित किया जाए और कार्यक्रम की समाप्ति के 3 दिवस पश्चात विस्तृत रिपोर्ट प्रस्तुत की जाए। श्री सिलावट ने निर्माणाधीन परियोजनाओं की प्रगति पर संतोष व्यक्त किया और वर्षा पूर्व अधिकतम कार्य पूर्ण करने के निर्देश दिए।

### महानाट्य के लिए पांच लाख रूपए देने की घोषणा, विभिन्न विभूतियों का मुख्यमंत्री ने किया सम्मान

# वीरांगनाओं के सम्मान के लिए मप्र सरकार हमेशा तत्पर : सीएम

**संवाददाता ● भोपाल**

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि वीरांगना लक्ष्मीबाई की शौर्यगाथा जन-जन तक पहुंचना चाहिए। ग्वालियर में पिछले 26 वर्षों से महारानी लक्ष्मीबाई के बलिदान को जन-जन तक पहुँचाने के उद्देश्य से आयोजित होने वाला बलिदान मेला एक सार्थक प्रयास है। बलिदान मेले के आयोजन के लिये सरकार पूरा सहयोग करेगी। इसके साथ ही वीरांगनाओं के जीवन पर आधारित नाट्य मंचनों के लिये पाँच लाख रूपए की धनराशि देने की घोषणा भी की। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न अटल जी के जन्म शताब्दी वर्ष पर उनके सम्मान में ग्वालियर में मंत्री परिषद की बैठक होगी।

**घोषणा**

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने 167वी वर्षगांठ के अवसर पर महारानी लक्ष्मीबाई बलिदान मेले में शहीद मंगल पाण्डेय के साथी दुर्गा सिंह के वंशज, शौर्य चक्र प्राप्त शहीद विवेक सिंह तोमर की धर्मपत्नी एवं नेशनल क्रिकेटर कु. वैष्णव शर्मा को भी सम्मानित किया। बलिदान मेले के अवसर पर पूज्य महंत रामदास महाराज दंदरौआ सरकार, प्रदेश के संस्कृति मंत्री धर्मेन्द्र लोधी, बलिदान मेला के संस्थापक अध्यक्ष श्री जयभान सिंह पवैया, प्रदेश के उद्यानिकी मंत्री नारायण सिंह कुशवाह, ऊर्जा मंत्री श्री प्रद्युम्न सिंह तोमर, राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) कृष्णा गौर, क्षेत्रीय सांसद भारत सिंह कुशवाह, प्रदेश महामंत्री संगठन हितानंद शर्मा, क्षेत्र कार्यकारिणी सदस्य आरएसएस यशवंत इन्द्रापुरकर, पूर्व सांसद विवेक नारायण शेजवलकर, पूर्व मंत्री अनूप मिश्रा, सभापति नगर निगम मनोज तोमर, पूर्व मंत्री रामनिवास रावत, भाजपा जिला अध्यक्ष शहर श्री जयप्रकाश राजौरिया, ग्रामीण अध्यक्ष प्रेम सिंह राजपूत सहित जनप्रतिनिधि और बड़ी संख्या में नागरिकगण उपस्थित थे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि मध्यप्रदेश सरकार हमेशा वीरांगनाओं के सम्मान के लिए समर्पित रही है, वीरांगना के रूप में साक्षात् देवी दुर्गा ने धरती पर जन्म लेकर हमारे मध्य प्रदेश के ग्वालियर की भूमि पर अपना बलिदान दिया, यह भूमि हमारे लिए तीर्थ के समान है। मुख्यमंत्री ने कहा कि ग्वालियर की धरती पर राजमाता विजयाराजे सिंधिया और अटल बिहारी वाजपेयी जैसे महान विभूतियों ने देश के विकास में अतुलनीय कार्य किया है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने देश में नई शिक्षा नीति लागू कर युवाओं को देश की शौर्य गाथाओं, संस्कृति, संगीत एवं अन्य विधाओं से अवगत कराने का महत्वपूर्ण कार्य किया है। प्रदेश सरकार अटल बिहारी वाजपेयी की नदी जोड़ों योजना पर तेजी से कार्य कर रही है। इस योजना का सबसे ज्यादा लाभ ग्वालियर-चंबल संभाग को मिलेगा। साथ ही ग्वालियर में शीघ्र ही टेक्नोलॉजी हब भी स्थापित होगा, जिससे अनेकों अनेक युवाओं को रोजगार मिल सकेगा।



#### वर्षों से लगातार लगाया जा रहा मेला

वीरांगना मेला के संस्थापक अध्यक्ष एवं पूर्व मंत्री जयभान सिंह पवैया ने कहा कि 166 साल पहले ग्वालियर की इसी धरा पर वीरांगना लक्ष्मीबाई ने भारत माता के चरणों में अपनी आहुति दी थी। बलिदान मेला देश भक्ति जगाने का अनुष्ठान एवं महायज्ञ है। 2000 से यह आयोजन निरंतर किया जा रहा है। पवैया ने कहा कि बलिदान मेला जिस स्थान पर आयोजित किया जाता है इस धरा पर महारानी लक्ष्मीबाई का रक्त शामिल है। यह धरती जमीन का टुकड़ा नहीं बल्कि चंदन है। उन्होंने बलिदान मेले के आयोजन के संबंध में जानकारी भी दी।बलिदान मेले के गरिमापूर्ण कार्यक्रम में वीरांगना लक्ष्मीबाई पर केन्द्रित महानाट्य की प्रस्तुति दी गई, जिसे दर्शकों द्वारा बेहद सराहा गया। इसके साथ ही कवि सम्मेलन का भी आयोजन हुआ। विख्यात कवियों द्वारा देशभक्तिपूर्ण कविताओं ने श्रोताओं का मन मोह लिया।

---

## शॉर्ट न्यूज

### स्कूल में सफाईकर्मी ने छात्राओं से पूछे गंदे प्रश्न

**छिंदवाड़ा।** जिले के गुरैया में स्थित सांदीपनी विद्यालय (पहले सीएम राइज स्कूल) से शर्मनाक मामला सामने आया। एक सफाईकर्मी ने छात्राओं के साथ गलत हरकत की। सफाईकर्मी पर आरोप है कि वह लंच के बाद कक्षा में घुसा और दरवाजे-खिड़की बंद कर दिए। इसके बाद उसने छात्राओं से अश्लील सवाल पूछे। इस घटना ने स्कूल की सुरक्षा व्यवस्था पर सवाल खड़े कर दिए हैं। छात्राओं ने घर जाकर घटना की जानकारी दी। बुधवार को जब परिजन स्कूल पहुंचे और आरोपी की पहचान की। इस दौरान सफाईकर्मी ने उन पर ही हमला कर दिया। मारपीट में युवक आकाश यादव के सिर में गंभीर चोट आई। 7 वीं के छात्र ने बताया, 'भैया लंच के बाद आए थे। टीचर के जाने के बाद उन्होंने दरवाजा-खिड़की बंद कर दिए।

### लव जिहाद : छात्रा से दो भाइयों ने किया रेप

**सीहोर।** मध्य प्रदेश के सीहोर में लव जेहाद का मामला सामने आया है। यहां एक कॉलेज छात्रा से दुष्कर्म और धर्मांतरण के लिए दबाव बनाने का मामला सामने आया है। अहमदपुर थाना अंतर्गत एक युवती के साथ उसके घर के सामने रहने वाले मुस्लिम युवक ने पहले दोस्ती बढ़ाई फिर उसके साथ दुष्कर्म किया। एक दिन आरोपी के भाई ने देखा तो उसने भी मासूम युवती को शोषण शुरू कर दिया। उन्होंने धर्म परिवर्तन के लिए दबाव डाला और मना करने पर परिवार को मारने और फोटो वायरल कर बदनाम करने की धमकी दी। साथ ही मंदिर जाने और पूजा-पाठ करने से मना किया। इतना ही नहीं गांव की मस्जिद के हाफिज ने उसे बरगलाते हुए मुस्लिम धर्म अपनाने को बाध्य किया। मामले की जानकारी विहिप और बजरंग दल कार्यकर्ताओं को लगी, उनके हस्तक्षेप पर पुलिस ने तीनों आरोपियों को विभिन्न धाराओं के तहत प्रकरण दर्ज कर गिरफ्तार कर लिया।

---

## पहले मंदिरों से चुराया, फिर खुद लादकर थाने पहुंचाया 'भगवान' ने दी ऐसी सजा

**संवाददाता ● ग्वालियर**

मध्य प्रदेश के ग्वालियर में मंदिरों से पीतल के घंटे चोरी करने वाले एक गिरोह का पुलिस ने खुलासा किया है। उटीला थाना पुलिस ने इस गिरोह के दो मुख्य चोरों, तीन कबाड़ियों और दो बर्तन व्यापारियों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों के कब्जे से मंदिरों से चुराए गए 275 किलो वजन के 49 पीतल के घंटे बरामद किए गए हैं। गिरोह के सदस्यों ने ग्वालियर, शिवपुरी और मुरैना जिलों के मंदिरों में चोरी की कुल 10 वारदातें कबूली हैं।

**एक रात में तीन मंदिरों से चोरी, फिर दबोचे गए** - 15 अप्रैल को ग्वालियर के बंदा गांव में दो हनुमान मंदिरों से 62 किलो पीतल के घंटे और उसी रात मानपुर स्थित काली माता मंदिर से 22 किलो वजनी घंटा चोरी हो गए। एक ही रात में तीन मंदिरों से 100 किलो से अधिक पीतल के घंटे चोरी होने से पुलिस हरकत में आ गई। अज्ञात आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू की गई। मुखबिर की सूचना पर रात पुलिस ने लक्ष्मीगंज श्मशान घाट के पीछे स्थित एक कुएं के पास दबिश दी, जहां दो संदिग्ध बाइक सवारों को पकड़कर पूछताछ की गई। गिरफ्तार आरोपियों की पहचान ग्वालियर निवासी सोनू सोलंकी और मुरैना जिले के बामोर निवासी महेश कुशवाहा के रूप में हुई। तलाशी के दौरान इनके पास से 62 किलो वजन के 14 पीतल के घंटे, लोहे काटने का कटर, हथौड़ा और अन्य औजार बरामद हुए। कड़ी पूछताछ में दोनों आरोपियों ने खुलासा किया कि उन्होंने अपने तीसरे साथी धर्मेंद्र जाटव की मदद से ग्वालियर, मुरैना और शिवपुरी जिले के अनेक मंदिरों जैसे कि आरोन माता मंदिर, टेकनपुर हनुमान मंदिर, डबरा देहात के सिरोही मंदिर और बरेठा हनुमान मंदिर से घंटे चोरी किए हैं। पुलिस ने दोनों की निशानदेही पर कुल 275 किलो वजन के 49 पीतल के घंटे बरामद किए।

**घंटा गिरोह बजा टन-टन**



---

## जेल में बंद पटवारी का विजयपुर से बड़ौदा कर दिया ट्रांसफर

**श्योपुर।** मध्य प्रदेश में कब क्या अजब-गजब हो जाए, इसका किसी को भी पता नहीं होता है। एक और नया गजब कारनामा श्योपुर जिले से सामने आया है। तबादलों की लहर में जिले के अफसरों का बड़ा कारनामा कर दिया। श्योपुर जेल में बंद एक पटवारी का ट्रांसफर कर दिया गया और जब पटवारी के जेल में होने की खबर मिली, तो अफसरों में हड़कंप मच गया और किरकिरी से बचने के लिए एसडीएम ने जेल में बंद पटवारी को सस्पेंड भी कर दिया। जानकारी अनुसार श्योपुर जिले के प्रभारी मंत्री राकेश शुक्ला की अनुशंसा पर विभागों के कर्मचारियों के ट्रांसफर किए जा रहे थे। इन तबादलों की झड़ी में श्योपुर के अफसरों ने बाढ़ राहत राशि के घोटाले के आरोप में श्योपुर की जिला जेल में बंद विजयपुर के सुनवाई के पटवारी हेमंत मित्तल का विजयपुर से बड़ौदा तहसील में ट्रांसफर का आदेश जारी कर दिया। जैसे ही मामले ने तूल पकड़ा, वैसे ही विजयपुर एसडीएम ने हेमंत मित्तल को सस्पेंड करने का आदेश भी जारी कर दिया। दरअसल, जेल में बंद पटवारी हेमंत मित्तल ने बड़ौदा में पदस्थी के दौरान 2021 में आई बाढ़ के बाद पीड़ितों को दी जाने वाली राहत राशि का गबन किया था। मामले उजागर होने के बाद कलेक्टर के आदेश के बाद बड़ौदा तहसीलदार ने पटवारी के खिलाफ एफआईआर दर्ज करवाई थी।

---

### 73% माताएं अपने न होने की स्थिति में अपने बच्चे की शिक्षा के लिए धन जुटाने के बारे में चिंतित हैं

## बच्चों के भविष्य को सुरक्षित करने के लिए शीर्ष वित्तीय समाधान मानती हैं : बजाज

**संवाददाता ● पुणे**

भारत की अग्रणी निजी जीवन बीमा कंपनियों में से एक, बजाज आलियांज़ लाइफ इंश्योरेंस ने पिक्सिस ग्लोबल और क्वाल्स. एआई के सहयोग से अपने नवीनतम अध्ययन, बजाज आलियांज़ लाइफ वूमेन टर्म सर्वे (बजाज आलियांज़ लाइफ महिला टर्म सर्वेक्षण) से उल्लेखनीय निष्कर्ष प्रस्तुत किए। इस सर्वेक्षण में मेट्रो, टियर-1 और टियर-2 शहरों में 1,000 से अधिक वेतनभोगी और स्वरोज़गार वाली महिलाओं को शामिल करते हुए गुणात्मक और मात्रात्मक पद्धतियों का संयोजन किया गया। इसके तहत उनकी शीर्ष वित्तीय प्राथमिकताओं, आपात स्थितियों के लिए तैयारी और दीर्घकालिक वित्तीय सुरक्षा के दृष्टिकोण का आकलन किया गया।

सर्वेक्षण वित्तीय प्राथमिकताओं में एक महत्वपूर्ण बदलाव को उजागर करता है - जिसमें बच्चों का भविष्य, शिक्षा व्यय और स्वास्थ्य शीर्ष चिंताओं के रूप में सामने आते हैं। टर्म इंश्योरेंस महिलाओं के लिए अपने बच्चे के भविष्य को सुरक्षित करने के लिए पसंदीदा वित्तीय उत्पाद के रूप में उभरा है। 53% महिलाओं ने अपने परिवार की बचत को प्रभावित करने वाले अप्रत्याशित स्वास्थ्य खर्चों के बारे में चिंता व्यक्त की, जो स्वास्थ्य संबंधी जोखिमों के बारे में बढ़ती जागरूकता को दर्शाता है। इसके अलावा 87% ने गंभीर बीमारी कवर को अत्यधिक आकर्षक पाया, और 50% ने अपने टर्म प्लान में अंतर्निहित स्वास्थ्य प्रबंधन सेवाओं को एक आवश्यक विशेषता माना। इसके अतिरिक्त, महिलाएं टर्म प्लान में बच्चों की शिक्षा से जुड़े लाभों को भी एक आवश्यक हिस्सा मानती हैं। ये निष्कर्ष इस बात को रेखांकित करते हैं कि आज आर्थिक रूप से स्वतंत्र महिलाएं ऐसे बीमा की तलाश कर रही हैं जो न केवल जीवन की रक्षा करता हो बल्कि दीर्घकालिक स्वास्थ्य और परिवार की भलाई का भी समर्थन करता हो। बजाज आलियांज़ लाइफ इंश्योरेंस के प्रबंध निदेशक और मुख्य कार्यकारी, तरुण चुघ ने कहा, 'बजाज आलियांज़ लाइफ के महिला टर्म सर्वेक्षण 2025 के निष्कर्षों से पता चलता है कि महिलाएं टर्म इंश्योरेंस को सिर्फ जीवन बीमा से कहीं ज़्यादा मानती हैं।

#### सर्वेक्षण के मुख्य निष्कर्ष

- बच्चों का वित्तीय भविष्य शीर्ष वित्तीय प्राथमिकता है:
- 61% माताएं अप्रत्याशित घटनाओं की स्थिति में अपने बच्चे की वित्तीय स्थिरता सुनिश्चित करना अपनी प्राथमिक चिंता मानती हैं।
- आय स्थिरता (61%), स्वास्थ्य व्यय (53%), सेवानिवृत्ति योजना (54%), और बच्चे की शिक्षा (57%) शीर्ष वित्तीय प्राथमिकताओं में उभरी हैं।
- टर्म इंश्योरेंस बच्चे की वित्तीय सुरक्षा के लिए पसंदीदा विकल्प के रूप में उभरा
- महिलाओं को अप्रत्याशित स्वास्थ्य और चिकित्सा व्यय की चिंता होती है जो बचत को प्रभावित करते हैं
- 87% महिलाओं को टर्म इंश्योरेंस में 'गंभीर बीमारी कवरेज' की सुविधा बहुत आकर्षक लगती है।

---

## ई-रिक्शा को मेन रोड पर बैन लगाने की योजना शुरू

### ट्रैफिक जाम से मिलेगी राहत

**संवाददाता ● भोपाल**

अब ई-रिक्शा भोपाल में मुख्य सड़कों पर नहीं चलेंगे। सरकार ने शहर की मुख्य सड़कों पर ई-रिक्शा के चलने पर रोक लगाने की योजना बनाई है। बुधवार को एक बड़ी मीटिंग में इस योजना को मंजूरी दी गई। यह रोक अभी 10 दिनों के लिए ट्रायल के तौर पर लगाई जाएगी। 27 जून को एक और मीटिंग होगी, जिसमें इस ट्रायल का नतीजा बताया जाएगा। इसी नतीजे के आधार पर आगे की नीति बनाई जाएगी। ई-रिक्शा को पहले लोगों के लिए आसान यातायात और रोजगार के लिए शुरू किया गया था। लेकिन अब ये शहर में ट्रैफिक जाम का बड़ा कारण बन गए हैं।ई-रिक्शा की धीमी गति की वजह से अक्सर ट्रैफिक जाम लग जाता है। इससे आम लोगों को आने-जाने में परेशानी होती है। यहां तक कि एम्बुलेंस और वीआईपी गाड़ियों को भी निकलने में दिक्कत होती है। इसी समस्या को दूर करने के लिए सांसद आलोक शर्मा ने बुधवार को पुरानी पुलिस कंट्रोल रूम में एक बड़ी मीटिंग की।मीटिंग में पुलिस कमिश्नर हरिनारायणचारी मिश्रा, जिला कलेक्टर कौशलेन्द्र विक्रम सिंह, नगर निगम कमिश्नर हरेन्द्र नारायण और ट्रैफिक पुलिस के बड़े अधिकारी मौजूद थे। मीटिंग में इस बात पर ध्यान दिया गया कि ई-रिक्शा शहर के मुख्य रास्तों पर कैसे परेशानी पैदा कर रहे हैं।

**बैन**



**सिर्फ यहां चलेंगे ई-रिक्शा** - अब ई-रिक्शा सिर्फ रिहायशी इलाकों और गलियों में ही चलेंगे। वे मुख्य सड़कों और व्यस्त चौराहों पर नहीं चलेंगे। यह फैसला इसलिए लिया गया है क्योंकि ई-रिक्शा गलत तरीके से चलते हैं, ट्रैफिक नियमों को तोड़ते हैं और उनमें ज्यादा लोग बैठते हैं, जिससे ट्रैफिक जाम और दुर्घटनाएं होती हैं।

---

### कर्ज बना मौत का कारण, डायरी से खुला 'राज'

## लोन का ब्याज 10 लाख हुआ तो युवक के सिर में गोली मारकर हत्या

**संवाददाता ● ग्वालियर**

डबरा देहात थाना क्षेत्र में युवक की गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। इस मामले का खुलासा करते हुए पुलिस ने तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है। मृतक विवेक राजे उर्फ गोलू को ब्याज पर पैसे देने के मामले में हत्या का शिकार बनाया गया। पुलिस ने देसी पिस्टल और तीन चले हुए खोखे बरामद किए हैं। एएसपी निरंजन शर्मा ने बताया कि थाना डबरा देहात में 11 जून को सुनीता जाटव ने अपने बेटे की गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज कराई थी। विवेक 9 जून को दतिया जाने की कहकर घर से निकला था, लेकिन लौटकर नहीं आया। जांच में पुलिस को विवेक की एक डायरी मिली थी। इसमें उन लोगों की जानकारी थी, जिनको ब्याज पर पैसा दिया गया था। युवक की डायरी से मिली जानकारी के आधार पर पुलिस को अनहोनी की आशंका हुई। सीनियर एसपी धर्मवीर सिंह ने जांच के लिए टीम बनाई। टीम ने जांच शुरू की और तकनीकी साक्ष्य और डायरी की मदद से तीन संदिग्धों को चिन्हित कर कस्टडी में लिया। इनसे पूछताछ में घटना का चौंकाने वाला खुलासा हुआ। पूछताछ के दौरान आरोपियों ने बताया कि उन्होंने विवेक को दतिया पार्टी के बहाने बुलाया और बाइक से सुनसान इलाके की ओर ले गए। रास्ते में पीछे बैठे एक आरोपी ने विवेक के सिर में गोली मार दी। जैसे ही वह बाइक से गिरा तो दो और गोलियां मारीं। फिर उसका शव ग्राम निचरौली थाना सिविल लाइन, दतिया के जंगल में झाड़ियों में फेंक दिया।




---

### खगोल विज्ञान और भारतीय ज्ञान परम्परा पर वर्कशॉप भी होगा

## सीएम डॉ. यादव देंगे आधुनिक तारामंडल की सौगात

**उज्जैन ● एजेंसी**

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव 21 जून को उज्जैन के डोंगला में वराहमिहिर खगोलीय वेधशाला में 'खगोल विज्ञान एवं भारतीय ज्ञान परंपरा' विषय पर एक राष्ट्रीय कार्यशाला का शुभारंभ करेंगे। इस कार्यशाला में देश के कई बड़े वैज्ञानिक और शिक्षाविद भाग लेंगे। कार्यशाला का उद्देश्य भारतीय खगोलशास्त्र की परंपरा और आधुनिक विज्ञान के बीच तालमेल बैठाना है। इस दौरान योग शिविर, साइंस शो, व्याख्यान और कई अन्य गतिविधियां आयोजित की जाएंगी। मुख्यमंत्री डॉ. यादव वेधशाला में शंकु यंत्र के माध्यम से शून्य छाया का अवलोकन भी करेंगे और एक नए तारामंडल का लोकार्पण भी करेंगे। कार्यशाला में देश के प्रसिद्ध वैज्ञानिक और शिक्षक शामिल होंगे। वे खगोल विज्ञान और भारतीय ज्ञान के बारे में बात करेंगे। कार्यशाला में कई तरह की गतिविधियां होंगी। योग शिविर लगेगा, साइंस शो होगा, और खगोल विज्ञान पर व्याख्यान भी होंगे। कार्यशाला का मुख्य उद्देश्य भारतीय खगोलशास्त्र की परंपरा को समझना है। साथ ही, यह भी देखना है कि यह आज के समय में कितना उपयोगी है। विशेषज्ञ इस बात पर विचार करेंगे कि भारतीय ज्ञान प्रणाली और आधुनिक विज्ञान को कैसे मिलाया जा सकता है। कार्यशाला में खगोल विज्ञान के साथ-साथ भारत की पुरानी ज्ञान परंपराओं को भी आधुनिक विज्ञान से जोड़ने की कोशिश की जाएगी। इस कार्यशाला को कई संस्थाएं मिलकर आयोजित कर रही हैं। म.प्र. विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी परिषद्, भोपाल, विज्ञान भारती, आचार्य वराहमिहिर न्यास उज्जैन, भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान इंदौर, विक्रम विश्वविद्यालय उज्जैन, मध्यप्रदेश हिन्दी ग्रंथ अकादमी भोपाल और वीर भारत न्यास इसमें शामिल हैं।

**सौगात**



#### शंकु यंत्र देखेंगे शून्य छाया

मुख्यमंत्री डॉ. यादव पद्मश्री डॉ. विष्णु श्रीधर वाकणकर वेधशाला भी जाएंगे। वहां वे शंकु यंत्र से शून्य छाया का अवलोकन करेंगे। इसके अलावा, वे आचार्य वराहमिहिर न्यास और अवादा फाउंडेशन द्वारा बनाए गए एक नए तारामंडल का उद्घाटन भी करेंगे। इस तारामंडल में एक विशेष शो भी दिखाया जाएगा।

# 'मैंने बहुत मजे लिए'

## ईशान खट्टरइंटीमेट सीन देते वक्त कुछ ऐसा था इस पॉपुलर एक्ट्रेस का रिएक्शन



शाहिद कपूर के भाई ईशान खट्टर ने फिल्म इंडस्ट्री में अपनी एक खास जगह बनाई है। हाली ही में वह नेटफ्लिक्स के शो 'द रॉयल्स' में नजर आए थे। इस सीरीज में ईशान ने एक महाराजा का रोल निभाया है तो वहीं शो में उनके अपोजिट एक्ट्रेस भूमि पेडनेकर नजर आईं। 'द रॉयल्स' में इन दोनों के इंटीमेट सीन ने तहलका मचा दिया। एक इंटरव्यू के दौरान भूमि ने ईशान संग इंटीमेट सीन देने को लेकर अपना एक्सपीरियंस साझा किया। एक्ट्रेस भूमि पेडनेकर ने जूम संग इंटरव्यू में बताया कि ईशान खट्टर संग संग इंटीमेट सीन देने का एक्सपीरियंस कैसा रहा। उन्होंने कहा, 'हमने साथ में इंटीमेसी वर्कशॉप अटेंड की थी। सीरीज में हमारे काफी इंटीमेट सीन्स हैं।' एक्ट्रेस भूमि पेडनेकर ने इंटरव्यू में कहा कि इंटीमेट सीन के दौरान ईशान ने मुझे बहुत कंफर्टेबल महसूस कराया और मेरी मदद की। एक्ट्रेस ने ये भी कहा कि ईशान उनकी जिंदगी के बारे में सब कुछ जानते हैं। भूमि पेडनेकर ने आगे कहा कि हम एक-दूसरे को काफी अच्छे से जानते हैं और इस वजह से हमें ये सीन शूट करने में काफी आसानी हुई। भूमि ने ये भी कहा कि शूटिंग के दौरान मैंने ईशान के साथ बहुत मजे किए। एक्ट्रेस भूमि पेडनेकर ने बताया कि ईशान संग काम के दौरान उन्होंने एक्टर की सबसे अच्छी बात क्या लगी। तो उन्होंने कहा, 'मैंने सबसे ज्यादा जो बात एंजॉय की, वह थी हमारे बीच की चुप्पी। क्योंकि आप इसकी रिहर्सल नहीं कर सकते और ना ही इसे कहीं लिख सकते हैं। ये बस हो जाता है।' बता दें कि नेटफ्लिक्स की वेब सीरीज 'द रॉयल्स' 9 मई को रिलीज हुई थी। इस सीरीज में ईशान खट्टर और भूमि पेडनेकर के अलावा साक्षी तंवर, जीनत अमान, नोरा फतेही, चंकी पांडे, विहान समत, मिलिंद सोमन और डिनो मोरिया जैसे बड़े सेलेब्स नजर आए थे। 'द रॉयल्स' के पहले सीजन को लोगों ने काफी पसंद किया और अब फैंस इस शो के अगले सीजन का बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं।

# मौनी रॉय की होने वाली है फिल्मों में वापसी

## इस बार जासूस बनकर करेंगी देश की



मौनी रॉय एक बार फिर दमदार अंदाज में वापसी करने को तैयार हैं। वो भी इस बार एक जासूस के रोल में। उनके फैंस के लिए बड़ी खबर ये है कि मौनी जल्द ही स्पाई थ्रिलर फिल्म 'सलाकार' में नजर आने वाली हैं। सलाकार को लेकर खबर आ रही है कि मौनी रॉय स्टारर ये फिल्म सीधे JioHotstar पर रिलीज होगी। उम्मीद है कि फिल्म 15 अगस्त 2025 को ओटीटी पर धूम मचाने वाली है। 'सलाकार' सिर्फ एक स्पाई ड्रामा नहीं है, यह एक इमोशनल और पावरफुल जर्नी है जिसमें देशभक्ति, बलिदान और सीक्रेट मिशन की दुनिया को दिखाया गया है। फिल्म की कहानी दो टाइमलाइन में चलती है- जिसमें एक युवा भारतीय जासूस की सीक्रेट मिशन के दौरान की यात्रा दिखाई गई है। फिल्म उन गहरे राजों से पर्दा उठाती है जो देश की सुरक्षा से जुड़े हैं। फिल्म एक ऐसे स्पाई मास्टर की सच्ची घटनाओं से प्रेरित कहानी है, जिसने अपनी सूझबूझ और हिम्मत से दुश्मन के प्लान्स को नाकाम कर दिया। इस फिल्म में मौनी रॉय का किरदार न सिर्फ दमदार है बल्कि उनके करियर में एक नया मोड़ लाने वाला है। खुद मौनी ने फिल्म की शूटिंग के दौरान के बिहाइंड द सीन मोमेंट्स इंस्टाग्राम पर शेयर किए थे, जिसमें वो फिल्म के डायरेक्टर फारूक कबीर के साथ नजर आईं। क्लैपबोर्ड के साथ उनका फोटो और सेट से कैंडिड मूमेंट्स ने फैंस का दिल जीत लिया था। हालांकि, फिल्म की ऑफिशियल रिलीज डेट अभी अनाउंस नहीं हुई है, डायरेक्टर फारूक कबीर ने फिल्म को लेकर कहा- 'सलाकार केवल एक थ्रिलर नहीं है, यह एक इमोशनल कहानी है जो विरासत, खामोशी की कीमत और जासूसी को एक मिशन से कहीं ज्यादा मानती है। यह एक पीढ़ी से दूसरी पीढ़ी तक चलने वाला कर्ज है।

# अमिताभ के हेयरस्टाइलिस्ट थे आलिम हकीम के पिता



सेलिब्रिटी हेयरस्टाइलिस्ट आलिम हकीम के पिता हकीम कैरानवी एक समय अमिताभ बच्चन और विनोद खन्ना जैसे टॉप स्टार्स के पर्सनल हेयरस्टाइलिस्ट रहे। उन्होंने इंटरनेशनल सितारों जैसे ब्रूस ली और रिचर्ड हैरिस के भी बाल बनाए थे। बता दें कि जब वे अमिताभ बच्चन के बाल काट रहे थे, तभी उनके सीने में दर्द उठा। अगले ही दिन, 39 साल की उम्र में उनका निधन हो गया। आलिम ने बताया कि उस वक्त उनकी उम्र सिर्फ 9 साल थी और उनके परिवार के पास सिर्फ 13 रुपए बचे थे। पिता के निधन के बाद फिल्म इंडस्ट्री ने उनके परिवार की कोई खास मदद नहीं की थी। 'हिंदी रश' से बातचीत में आलिम ने कहा, "मेरे पापा उस वक्त फिल्म 'मर्द' में अमिताभ बच्चन के बाल बना रहे थे। तभी उन्हें सीने में दर्द हुआ, जिसके बाद बच्चन साहब ने तुरंत कहा कि फ्लाइट पकड़ो और किसी हॉस्पिटल में दिखाओ। अगले दिन उनका देहांत हो गया। उस वक्त मैं सिर्फ 9 साल का था। हमें कुछ समझ नहीं आ रहा था क्या करें। उन दिनों लोग सेविंग नहीं करते थे, जितना कमाते थे, खर्च कर देते थे। मुझे याद है जब वो गए, तब हमारे पास सिर्फ 13 रुपए थे।" जब पूछा गया कि क्या फिल्म इंडस्ट्री से किसी ने आगे बढ़कर मदद की, या आलिम को सपोर्ट किया, तो उन्होंने कहा, 'हमें इंडस्ट्री से कोई मदद नहीं मिली।

# 'टॉम एंड जैरी' से अक्षय ने ली एक्शन की इंस्पिरेशन



बॉलीवुड एक्टर अक्षय कुमार अपने स्टंट्स खुद करने के लिए फेमस हैं। चाहे 'खिलाड़ी' सीरीज में छतों से छलांग लगाना हो, या फिर 'ब्लू' और 'हॉलिडे' जैसी फिल्मों में पानी के अंदर और हवा में मुश्किल सीन करना। हाल ही में अक्षय ने बताया कि उन्हें ऐसे खतरनाक स्टंट्स करने की प्रेरणा टीवी शो 'टॉम एंड जेरी' से मिलती है। 'क्या आप जानते हैं मैं इन स्टंट्स की प्रेरणा कहां से लेता हूं? यकीन नहीं करेंगे टॉम एंड जेरी से। मुझे टॉम एंड जेरी देखना बहुत पसंद है। मुझे लगता है ये शो बहुत वायलेंट है। हां, बच्चों के लिए बना है, लेकिन अगर ध्यान से देखें तो हर एपिसोड में जबरदस्त एक्शन होता है। हर एपिसोड 10-12 मिनट का होता है, और पूरा एक्शन से भरा होता है। मैंने इससे बहुत इंस्पिरेशन ली है।' अक्षय ने कुछ सीन के उदाहरण देते हुए कहा, 'मुझे याद है एक बार टॉम हेलिकॉप्टर से लटक कर नीचे आता है और जेरी को पकड़ता है, ये मैंने 'सबसे बड़ा खिलाड़ी' में किया था। एक सीन में टॉम प्लेन से लटकता है, वो मैंने 'खिलाड़ी 420' में किया। एक और सीन है जिसमें टॉम हेलिकॉप्टर के नीचे झूला बांधता है और जेरी के साथ बैठकर वाइन पीता है, ये मैंने 'खतरों के खिलाड़ी' में किया था। अक्षय ने आगे कहा, 'टॉम एंड जेरी से आप एक्शन के कई आइडिया ले सकते हैं। ये अब तक की सबसे बेहतरीन एक्शन फिल्म है जो मैंने देखी है। लोग इसे मजेदार समझते हैं, लेकिन असल में ये बहुत वायलेंट है। एक एपिसोड में टॉम पूरा घर बैट से तोड़ देता है! सोचिए, आप बच्चों को कितना वायलेंट शो दिखा रहे हैं! बता दें कि अब अक्षय कुमार 'कन्नप्पा' नाम की फिल्म में भगवान शिव की भूमिका में नजर आएंगे।

# सिमटने लगी 'हाउसफुल 5' की कमाई, 13वें दिन कमाए इतने करोड़

हाउसफुल फ्रेंचाइजी की कॉमेडी-ड्रामा फिल्म 'हाउसफुल 5' को ने एक बार फिर से धमाल मचा दिया। मल्टीस्टारर ये फिल्म दर्शक काफी पसंद कर रहे हैं। इस मूवी ने 6 जनू को सिनेमाघरों में दस्तक दी है। 'हाउसफुल 5' में अक्षय कुमार, अभिषेक बच्चन और रितेश देशमुख जैसे सितारे लीड रोल में नजर आ रहे हैं। इस फिल्म को क्रिटिक्स के भी अच्छे रिव्यू मिले हैं। आज फिल्म को रिलीज हुए 13 दिन हो गए हैं। ऐसे में अब 'हाउसफुल 5' के बुधवार के दिन के आंकड़े सामने आ चुके हैं। तो चलिए जानते हैं इसने अब तक कितना कमा लिया? 'हाउसफुल 5' में अक्षय कुमार, रितेश देशमुख और अभिषेक बच्चन के अलावा संजय दत्त, जैकी श्रॉफ, नाना पाटेकर, जैकलीन फर्नांडिस, सोनम बाजवा, सौंदर्या शर्मा, चित्रांगदा सिंह,डीनो मोरिया और नरगिस फाखरी जैसे कलाकार हैं। फिल्म के बॉक्स ऑफिस ग्राफ पर नजर डाले तो इसमें काफी अप एंड डाउन देखने को मिला है। ये फिल्म वीकेंड ही नहीं, बल्कि वीकडेज में भी करोड़ों कमा रही है। 'हाउसफुल 5' ने ओपनिंग डे पर 24 करोड़ रुपए से खाता खोला। ऐसे में अब इसके बुधवार के कलेक्शन आ चुके है।

# सोशल मीडिया पर छाया पूजा हेगड़े का रॉयल अंदाज

कांजीवरम साड़ी में लगीं खूबसूरत



साउथ इंडियन फिल्म इंडस्ट्री में छाने वाली पूजा हेगड़े बॉलीवुड में भी कमाल का अभिनय दिखा रही हैं। वह इस समय बॉलीवुड की सबसे स्टाइलिश एक्ट्रेसेज में से एक मानी जाती हैं। उनके स्टाइल और फैशन की चर्चा अक्सर होती रहती है। यूं तो पूजा वेस्टर्न से लेकर इंडो वेस्टर्न लुक सभी में छा जाती हैं, लेकिन जब-जब वह साड़ी में दिखाई देती हैं सबकी निगाहें उनपर ठहर जाती हैं। हाल ही में पूजा ने सोशल मीडिया पर अपना एक नया ट्रेडिशनल लुक शेयर किया है, जिसमें वे कांजीवरम साड़ी में बहुत ही खूबसूरत लग रही हैं। इंस्टाग्राम पर शेयर की गई इन तस्वीरों में पूजा ने डार्क पर्पल कलर की कांजीवरम साड़ी पहनी हुई है। पूरी साड़ी पर गोल्डन धागों से सुंदर डिजाइन बना हुआ है और इसका बॉर्डर भी बहुत रिच और ट्रेडिशनल है। पूजा ने साड़ी को पर्पल कलर के मैचिंग ब्लाउज के साथ पेयर किया। उनका ब्लाउज डीपनेक डिजाइन का था, जिसमें पीछे की तरफ डोरियां लगी हुई थीं। उनका 3/4 स्लीव्स ब्लाउज उनके साड़ी लुक को एलिवेट करने का काम कर रहा था। इसके साथ उन्होंने पर्पल जूलरी के साथ स्टाइल किया, जो उनके लुक को एलिवेट कर रहा था। पूजा की जूलरी की बात करें तो एक्ट्रेस ने गले में नेकलेस, कानों में इयररिंग्स और पर्पल स्टोन लगी एक स्टेटमेंट रिंग पहनी हुई थी। पूजा ने इस देसी लुक के लिए मैट मेकअप चुना था। उन्होंने अपने लुक को पर्पल बिंदी और कोरल लिपस्टिक लगाई हुई है। पूजा ने अपने बालों को खुला रखा और लुक को क्लासी टच दिया। पूजा का यह स्टाइल बहुत से लोगों के लिए इंस्पायरिंग हो सकता है। अगर आप भी कांजीवरम साड़ी पहनना चाहती हैं, तो एक्ट्रेस से इंस्पिरेशन ले सकती हैं। आप भी इसी तरह क्लासिक डिजाइन ब्लाउज, ट्रेडिशनल जूलरी और स्लीक हेयरस्टाइल के साथ अपने लुक को रॉयल बना सकते हैं।

# हेमा ने चप्पल की वजह से ठुकराया था संजीव का रिश्ता


## सुधार लेते ये चीज तो धर्मेंद्र की न होती ड्रीम गर्ल



70-80 दशक की मशहूर एक्ट्रेस हेमा मालिनी अपने समय में सिर्फ निर्देशक-निर्माताओं की ही पहली पसंद नहीं थी, बल्कि एक्टर्स भी एक नजर में 'ड्रीम गर्ल' पर दिल हार बैठते थे। सीता और गीता एक्ट्रेस ने सभी सितारों को छोड़कर पहले से ही शादीशुदा अभिनेता धर्मेंद्र को साल 1980 में अपने हमसफर के रूप में चुना। हालांकि, उस दौर में कई ऐसे बड़े-बड़े दिग्गज एक्टर थे जो हेमा से शादी करना चाहते थे। इन्हीं सितारों में एक नाम 'शोले' के ठाकुर संजीव कुमार का भी था, जो हेमा को दिल दे चुके थे और उन्हें अपनी दुल्हन बनाना चाहते थे। हेमा भी संजीव कुमार से मन बना रही थीं, लेकिन एक चप्पल और कुर्ते-पायजामे की वजह से पूरा 'लोचा' हो गया और दोनों का रिश्ता शादी के मंडप तक पहुंचते-पहुंचते रह गया। अनोखी रात जैसी फिल्मों में संजीव कुमार की को-स्टार रहीं 78 वर्षीय अभिनेत्री अरुणा ईरानी ने हाल ही में अपनी पुरानी यादों को ताजा किया। उन्होंने बताया कि हेमा मालिनी सच में संजीव कुमार से शादी करने के बारे में सोच रही थी, लेकिन अभिनेता का पहनावा ही उनके लिए बड़ी मुसीबत था। अरुणा ने बताया अरुणा ईरानी ने आगे कहा, 'मैंने सुना है कि वह हेमा मालिनी से शादी करना चाह रहे थे और उनसे मिलने वह उसी हालत में पहुंच गए थे। हेमा जी ने उन्हें देखते ही मना कर दिया था, वहां सब गड़बड़ हो गया था। हेमा जी सच में इस रिश्ते को आगे बढ़ाना चाहती थीं, वह हिम्मत जुटा रही थीं, लेकिन जब उन्होंने संजीव कुमार को चप्पल और कुर्ते-पायजामे में देखा, तो वह आगे नहीं सोच पाई, क्योंकि उनमें कोई स्टाइल नहीं था'। एक्ट्रेस ने कहा, 'एक तो उनकी पर्सनैलिटी वैसे ही कुछ स्टाइलिश नहीं थी, उसके ऊपर उन्होंने ऐसे कपड़े पहने थे, जिसकी वजह से सब लोचा हो गया'। ऐसा कहा जाता है कि हेमा मालिनी संजीव कुमार के साथ एक समय पर सीरियस रिलेशनशिप में थीं। हालांकि, संजीव कुमार का परिवार चाहता था कि शादी के बाद हेमा मालिनी अपना एक्टिंग करियर छोड़ दी।

# सारी लाइमलाइट को छोड़... होना चाहते हैं लापता

## कहा- 'अपने लिए वक्त चाहता हूं'



बॉलीवुड एक्टर अभिषेक बच्चन ने हाल ही में एक क्रिप्टिक पोस्ट किया। जिसे लेकर उनके फैंस परेशान हो रहे हैं। उन्होंने सोशल मीडिया पर एक इमोशनल मैसेज शेयर किया, जिसे पढ़कर उनके फैन्स के माथे पर पेशानी आ गई है। अभिषेक ने एक नोट शेयर करते हुए लिखा- 'मैं एक बार लापता होना चाहता हूं, भीड़ में खुद को फिर से पाना चाहता हूं। जो कुछ भी था, सब दे दिया अपनों के लिए, अब जरा सा वक्त बस अपने लिए चाहता हूं।' अभिषेक का यह पोस्ट सामने आते ही ट्विटर (X) और इंस्टाग्राम पर उनके फैंस की चिंता बढ़ गई। कई लोगों ने कयास लगाए कि शायद यह किसी फिल्म का डायलॉग है, लेकिन कुछ फैन्स को लगा कि यह उनका पर्सनल दर्द हो सकता है। एक यूजर ने लिखाः 'उम्मीद है ये सिर्फ किसी फिल्म के लिए हो।' दूसरे ने कहाः 'क्या हुआ भाई? सब ठीक है?' एक और ने पूछाः 'इतना इमोशनल क्यों?' अगर अभिषेक बच्चन की अपकमिंग फिल्मों की बात करें, तो फिलहाल 'राजा शिवाजी' ही ऑफिशियली अनाउंस की गई है। इसके अलावा खबरें हैं कि वो शाहरुख खान की फिल्म 'किंग' में भी नजर आ सकते हैं। इस फिल्म में दीपिका पादुकोण, रानी मुखर्जी, जैकी श्रॉफ, सुहाना खान और अनिल कपूर जैसे बड़े स्टार्स भी नजर आएंगे। हालांकि, 'किंग' का अभी तक कोई ऑफिशियल ऐलान नहीं हुआ है। कुछ साल पहले अभिषेक बच्चन के एक प्रोजेक्ट की चर्चा हुई थी जो तमिल फिल्म 'Oththa Seruppu Size 7' का हिंदी रीमेक थी। यह एक सोलो परफॉर्मेंस फिल्म है जिसमें सिर्फ एक ही एक्टर पूरी फिल्म में होता है।

# सिर्फ 15 विकेट दूर... जसप्रीत बुमराह 3 टेस्ट में तोड़ पाएंगे सबसे बड़ा रिकॉर्ड? अंग्रेजों की नाक में होगा दम

एजेंसी ● लीड्स



भारत इंग्लैंड के खिलाफ आगामी वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप 2025-27 में पांच टेस्ट मैचों की एक महत्वपूर्ण सीरीज के साथ अपने अभियान की शुरूआत करने के लिए पूरी तरह तैयार है। इस सीरीज में भारत के लिए सबसे महत्वपूर्ण खिलाड़ियों में से एक जसप्रीत बुमराह होंगे। वर्कलोड मैनेजमेंट के कारण वह पांच में से सिर्फ तीन मैच खेलेंगे। लेकिन सुपरस्टार तेज गेंदबाज यह सुनिश्चित करने के लिए पर्याप्त खेलेंगे कि भारत टेस्ट सीरीज में इंग्लैंड को कड़ी टक्कर दे। बुमराह इंग्लैंड में अच्छा प्रदर्शन करके इतिहास रचने के कगार पर भी हैं।

बुमराह ने इंग्लैंड में इंग्लैंड के खिलाफ 37 विकेट लिए हैं। अगर वह इस सीरीज में 15 विकेट लेने में सफल होते हैं तो उनके 52 विकेट हो जाएंगे। इस तरह वह इंग्लैंड में सबसे ज्यादा विकेट लेने वाले भारतीय गेंदबाज बनने के लिए इशांत शर्मा से आगे निकल जाएंगे। भारत और इंग्लैंड के बीच होने वाली टेस्ट सीरीज में जसप्रीत बुमराह भारत के लिए काफी अहम होने वाले हैं।बुमराह पूरी सीरीज नहीं खेलेंगे, सिर्फ तीन मैच खेलेंगे। लेकिन इन तीन मैचों में उनका प्रदर्शन भारत के लिए बहुत मायने रखेगा। बुमराह के पास इस सीरीज में एक बड़ा रिकॉर्ड बनाने का मौका है। अगर वह 15 विकेट ले लेते हैं, तो वह इंग्लैंड में सबसे ज्यादा विकेट लेने वाले भारतीय गेंदबाज बन जाएंगे। अभी यह रिकॉर्ड इशांत शर्मा के नाम है।जसप्रीत बुमराह ने खुद बताया है कि वह कौन से टेस्ट मैच खेलेंगे। जसप्रीत बुमराह ने पुष्टि की है कि वह सीरीज के पांच मैचों में से केवल तीन ही खेलेंगे। पहला टेस्ट मैच वह जरूर खेलेंगे। उन्होंने यह भी कहा कि यही कारण था कि वह कप्तान नहीं बनना चाहते थे। बता दें कि इस सीरीज में विराट कोहली टीम का हिस्सा नहीं हैं।



ऑरलैंडो में उल्सान एचडी और मामेलोडी सनडाउन्स के बीच क्लब विश्व कप ग्रुप एफ फुटबॉल मैच के बाद मामेलोडी सनडाउन्स के प्रशंसक प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए।

### जिस टीम ने ग्राउंड से भगा दिया था

# अब वही दे रही सम्मान, विदाई टेस्ट में एंजिलो मैथ्यूज को गार्ड ऑफ ऑनर मिला

एजेंसी ● कोलंबो





क्रिकेट में आउट होने के कई तरीके हैं। इसमें एक टाइम्ड आउट भी है। जब एक बल्लेबाज आउट होता है तो अगले बल्लेबाज को 2 मिनट के भीतर गेंद खेल लेना पड़ता है। ऐसा नहीं होता है तो गेंदबाजी टीम टाइम्ड आउट के लिए अपील कर सकती है। इंटरनेशनल क्रिकेट इतिहास में पहली बार ऐसा 2023 विश्व कप के दौरान हुआ था। बांग्लादेश के खिलाफ मैच में श्रीलंका के एंजिलो मैथ्यूज टाइम आउट हुए थे।

वह बल्लेबाजी के लिए क्रीज पर आ गए थे। हेलमेट लगाते हुए उसका स्ट्रिप टूट गया। उन्होंने इसे मंगवाने का इशारा किया। इसमें समय लगा और बांग्लादेश की तरफ से अपील हो गई। अंपायर ने मैथ्यूज को आउट किया। उन्होंने कप्तान शाकिब अल हसन से काफी देर बात की। अंपायर को सफाई दी लेकिन पवेलियन लौटना ही पड़ा।


श्रीलंका क्रिकेट के सबसे धाकड़ खिलाड़ियों में शामिल एंजिलो मैथ्यूज ने टेस्ट क्रिकेट से संन्यास का ऐलान कर दिया है। वह बांग्लादेश के खिलाफ गाले में अपना आखिरी टेस्ट खेल रहे हैं। जब वह बल्लेबाजी के लिए मैदान पर उतरे तो उन्हें बांग्लादेशी टीम ने सम्मान किया।

पूरी बांग्लादेशी टीम दोनों तरफ खड़ी हो गई और मैथ्यूज के लिए ताली बजा रही थी। इसे गार्ड ऑफ ऑनर भी कहा जाता है। इसके साथ ही पूरा स्टेडियम भी उनके लिए ताली बजा रहा था।

मैदानी अंपायर भी गार्ड ऑफ ऑनर में शामिल हुए।एंजिलो मैथ्यूज के बल्ले से गाले टेस्ट की पहली पारी में 39 रन निकले। वह चौथे नंबर पर बल्लेबाजी के लिए आए थे। 69 गेंदों की पारी में उन्होंने 3 चौके और एक छक्का लगाया। पार्ट टाइम गेंदबाज मोमिनुल हक ने उनका विकेट लिया। 38 साल के मैथ्यूज ने 2009 में पाकिस्तान के खिलाफ टेस्ट डेब्यू किया था। यह उनका 119वां टेस्ट है। 211 पारियों में वह 8206 रन बना चुके हैं। कुमार संगकारा और महेला जयवर्धने के बाद वह श्रीलंका के लिए सबसे ज्यादा टेस्ट रन बनाने वाले बल्लेबाज हैं।

# पेरिस डायमंड लीग में भाला फेंक आसमान चीरने को तैयार नीरज चोपड़ा, जानें कब होगा शुरू होगा मुकाबला

एजेंसी ● नई दिल्ली



भारत के जैवलिन स्टार नीरज चोपड़ा पेरिस डायमंड लीग 2025 में फिर से मैदान में उतरेंगें। यह मुकाबला देर रात शुक्रवार को होगा। हालांकि, इस बार उनके सामने पाकिस्ताी प्रतिद्वंद्वी अरशद नदीम नहीं होंगे। पेरिस डायमंड लीग लीग में फैंस को नीरज और अरशद के के बीच रोमांचक मुकाबले की उम्मीद थी, लेकिन नदीम इस प्रतियोगिता में भाग नहीं लेंगे। बता दें कि अरशद नदीम ने पेरिस ओलंपिक में गोल्ड मेडल जीता था। इसके साथ ही उन्होंने फोर्ब्स की '30 अंडर 30' साउथ एशिया लिस्ट 2025 में भी जगह बनाई थी। उन्होंने एशियन एथलेटिक्स चैंपियनशिप में भी गोल्ड मेडल जीता है।

दूसरी तरफ नीरज चोपड़ा आठ साल बाद पेरिस डायमंड लीग में वापसी कर रहे हैं। 27 साल के नीरज चोपड़ा अपनी पिछली दो प्रतियोगिताओं में दूसरे स्थान पर रहे थे। इसलिए वह इस बार जीत के लिए बेताब हैं। उन्होंने आखिरी बार 2017 में इस मीट में भाग लिया था, तब उन्होंने 84.67 मीटर का थ्रो करके पांचवां स्थान हासिल किया था। इससे ठीक पहले उन्होंने दोहा डायमंड लीग में उन्होंने 90.23 मीटर का थ्रो किया था, जो उनका सीजन का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन है, लेकिन इसके बावजूद वह दूसरे स्थान पर रहे थे।बता दें कि पेरिस डायमंड लीग के लिए मेंस जेवलिन थ्रो की लिस्ट जारी हो गई है। इस लिस्ट में नीरज चोपड़ा (भारत), जूलियन वेबर (जर्मनी), एंडरसन पीटर्स (ग्रेनाडा), केशोर्न वालकोट (त्रिनिदाद और टोबैगो), जूलियस येगो (केन्या), एंड्रियान मरडारे (मोल्दोवा), लुइज मौरिसियो दा सिल्वा (ब्राजील) शामिल हैं। जर्मनी के जूलियन वेबर से नीरज चोपड़ा को कड़ी टक्कर मिल सकती है। नीरज चोपड़ा 2024 में पेरिस में हुए ओलंपिक में दूसरे स्थान पर रहे थे। वह इस बार बेहतर प्रदर्शन करना चाहेंगे।

पेरिस डायमंड लीग में नीरज चोपड़ा का यह इवेंट शुक्रवार की देर रात यानी 21 जून (शनिवार) को करीब 1 बजकर 20 मिनट पर शुरू होगा। इस इवेंट के बाद नीरज चोपड़ा 24 जून को ओस्ट्रावा में होने वाली गोल्डन स्पाइक मीट में भाग लेंगे। इसके बाद वह 5 जुलाई को बेंगलुरु में नीरज चोपड़ा क्लासिक में हिस्सा लेंगे। यह एक वर्ल्ड एथलेटिक्स इवेंट है, जिसकी मेजबानी वह खुद कर रहे हैं।

# शतक के साथ 1000 रन, डबल सेंचुरी से चूक कर भी पाथुम निशंका ने मचा दिया हाहाकार

एजेंसी ● गॉल



बांग्लादेश के खिलाफ पहले टेस्ट मैच में श्रीलंका के ओपनर पाथुम निशंका ने दमदार बल्लेबाजी करते हुए धमाल मचा दिया। निशंका ने शतकीय पारी खेलकर अपने 1000 टेस्ट रन के आंकड़े को पार किया है। पहले टेस्ट मैच के तीसरे निशंका ने 136 गेंदों में अपना तीसरा टेस्ट शतक पूरा किया। शतक पूरा करने के बाद भी निशांक नहीं रुके और देखते ही देखते उन्होंने अपने 150 रन पूरे कर लिए। बांग्लादेश और श्रीलंका के बीच यह मुकाबला गॉल में खेला जा रह है। इस मुकाबले में बांग्लादेश की टीम ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 495 रन का स्कोर खड़ा किया था।

बता दें कि टेस्ट क्रिकेट में पाथुम निशंका का यह तीसरा शतक था। 27 साल के निशंका ने बांग्लादेश के खिलाफ पहले टेस्ट के तीसरे दिन यह उपलब्धि हासिल की। एक तरफ जहां बांग्लादेशी गेंदबाजों के खिलाफ श्रीलंकाई पारी लड़खड़ा रही थी तो दूसरी ओर निशंका ने मोर्चा को संभाले रखा। निशंका ने सबसे पहले दिनेश चांदीमल के साथ मिलकर शतकीय साझेदारी की। पाथुम निशंका तेजी से अपने दोहरे शतक की तरफ बढ़ रहे थे, लेकिन 187 रन के स्कोर पर वह आउट ह गए।बांग्लादेश के खिलाफ इस मुकाबले में बल्लेबाजी करते हुए पाथुम निशंका ने अपनी 187 रनों की पारी में 256 गेंद का सामना किया। अपनी इस पारी में उन्होंने 23 चौके और 1 छक्का भी लगाया। निशंका की इस शानदार बल्लेबाजी के कारण ही श्रीलंकाई टीम खेल के तीसरे दिन 300 रन के आंकड़े को पार करने में सफल रही। हालांकि, निशंका के विकेट के बाद बांग्लादेशी गेंदबाजों को एक वापसी का शानदार मौका जरूर मिल गया।

श्रीलंका के खिलाफ इस मुकाबले में पाथुम निशंका के अलावा दिनेश चांदीमल ने भी कमाल का खेल दिखाया। बांग्लादेश के खिलाफ इस मैच में उन्होंने 119 गेंद का सामना कर 64 रनों की पारी खेली। अपनी इस पारी में उन्होंने 4 बेहतरीन चौके भी लगाए।

# इधर दोस्त ने अमेरिका में कहर मचा दिया उधर इंग्लैंड को रौंदने की तैयारी कर रहे जसप्रीत बुमराह

नई दिल्लीः भारत में जन्मे मोनांक पटेल ने मेजर लीग क्रिकेट 2025 में इतिहास रच दिया है। अमेरिका के लिए इंटरनेशनल क्रिकेट खेलने वाले मोनांक एमएलसी के इतिहास में सबसे बड़ी पारी खेलने वाले खिलाड़ी बन गए हैं। गुजरात के आणंद में 1 मई 1993 को जन्मे मोनांक ने एमएलसी 2025 के नौवें मैच में यह कारनामा किया। उन्होंने एमआई न्यूयॉर्क की ओर से खेलते हुए सिएटल ऑर्कस के खिलाफ 50 गेंदों में 93 रन की पारी खेली। इस दौरान उनके बल्ले से सात छक्के और आठ चौके भी देखने को मिले।

मोनांक पटेल की इस पारी के दम पर एमआई न्यूयॉर्क ने मुकाबले को सात विकेट से जीता। यह एमआई की इस सीजन पहली जीत रही, जिसके साथ उसने चौथा स्थान अपने नाम कर लिया है। इससे पहले दो मुकाबलों में उसे शिकस्त झेलनी पड़ी थी। दाएं हाथ के बल्लेबाज मोनांक पटेल एक विकेटकीपर भी हैं। वह गुजरात की अंडर-16 और अंडर-18 टीम का हिस्सा रहे हैं। वह जसप्रीत बुमराह और अक्षर पटेल के साथ एक ही टीम में खेल चुके हैं। साल 2016 में मोनांक अमेरिका में शिफ्ट हो गए थे।मोनांक ने साल 2019 में अमेरिका की ओर से इंटरनेशनल क्रिकेट में डेब्यू किया। वह अब तक 67 वनडे खेल चुके हैं, जिसमें उनके नाम 35.35 की औसत के साथ 2192 रन दर्ज हैं। इस फॉर्मेट में मोनांक ने तीन शतक और 17 अर्धशतक लगाए हैं। मोनांक टी20 टीम के कप्तान हैं। इस फॉर्मेट में उनके नाम 43 मैच हैं, जिसमें एक शतक और छह अर्धशतक के साथ 920 रन जोड़ चुके हैं। उनकी कप्तानी में ही अमेरिका ने टी20 विश्व कप 2024 में पाकिस्तान को हराया था।



कैलिफोर्निया में खेले गए इस एमएलसी मुकाबले की बात करें, तो सिएटल ऑर्कस ने पहले बल्लेबाजी करते हुए पांच विकेट खोकर 200 रन बनाए। टीम के लिए काइल मेयर्स ने 46 गेंदों में 10 छक्कों और तीन चौकों की मदद से सर्वाधिक 88 रन जड़े। मेयर्स के अलावा शायन जहांगीर ने टीम के खाते में 43 रन का योगदान दिया, जबकि कप्तान हेनरिक क्लासेन ने 27 और शिमरोन हेटमायर ने 21 रन की नाबाद पारी खेली। विपक्षी टीम की ओर से नवीन-उल-हक ने दो विकेट झटके।इसके जवाब में एमआई न्यूयॉर्क ने एक ओवर शेष रहते जीत दर्ज कर ली। टीम को जीत दिलाने में अहम भूमिका निभाने वाले मोनांक पटेल ने माइकल ब्रेसवेल के साथ 119 रन की साझेदारी की। ब्रेसवेल ने 35 गेंदों में 50 रन की नाबाद पारी खेली। इनके अलावा किरोन पोलार्ड ने 26 रन का योगदान टीम के खाते में दिया। सिकंदर रजा सिएटल की ओर से सर्वाधिक दो विकेट लेने वाले गेंदबाज रहे।

# 15 भारतीय खिलाड़ी का था रजिस्ट्रेशन... सिर्फ एक ही महिला क्रिकेटर बिग बैश में हुई ड्राफ्ट



नई दिल्लीः ऑस्ट्रेलिया में होने वाली महिला बिग बैश लीग के 10वें सीजन के लिए खिलाड़ियों का ड्राफ्ट हुआ। इस ड्राफ्ट में भारत की जेमिमा रोड्रिगेज को ब्रिस्बेन हीट ने अपनी टीम में बरकरार रखा है। कुल 23 विदेशी खिलाड़ियों को आठ टीमों ने चुना है। जेमिमा ब्रिस्बेन हीट के लिए मध्यक्रम में बल्लेबाजी करेंगी। उनके साथ वेस्ट इंडीज की चिनले हेनरी और दक्षिण अफ्रीका की नादिन डी क्लर्क भी टीम में रहेंगी। ड्राफ्ट से पहले 15 भारतीय महिला क्रिकेटरों ने रजिस्ट्रेशन कराया था।

सिडनी थंडर ने श्रीलंका की कप्तान चमारी अटापट्टू, दक्षिण अफ्रीका की पूर्व तेज गेंदबाज शबनीम इस्माइल और इंग्लैंड की पूर्व कप्तान हीथर नाइट को अपनी टीम में शामिल किया है। सिडनी सिक्सर्स ने इंग्लैंड की सोफिया डंकले और मैडी विलियर्स के साथ न्यूजीलैंड की अमेलिया केर को टीम में लिया है। एडिलेड स्ट्राइकर्स ने इंग्लैंड की स्पिनर सोफी एक्लेस्टोन, विकेटकीपर-बल्लेबाज टैमी ब्यूमोंट और दक्षिण अफ्रीका की लौरा वोल्वार्ड्ट को अपनी टीम में शामिल करके अपनी टीम को मजबूत किया है।मेलबर्न स्टार्स ने इंग्लैंड की विकेटकीपर-बल्लेबाज एमी जोन्स और डैनी गिब्सन के साथ दक्षिण अफ्रीका की मारिजैन कप्प को चुना है। पर्थ स्कॉर्चर्स ने न्यूजीलैंड की अनुभवी खिलाड़ी सोफी डिवाइन, इंग्लैंड की पेज स्कोफील्ड और दक्षिण अफ्रीका की क्लो ट्रायोन को टीम में शामिल किया है। होबार्ट हरिकेंस ने इंग्लैंड की कप्तान नैटली साइवर-ब्रंट, डैनी व्याट और लिन्से स्मिथ का स्वागत किया है। मेलबर्न रेनेगेड्स ने वेस्ट इंडीज की डिएंड्रा डॉटिन और इंग्लैंड की एलिस कैप्सी को ड्राफ्ट किया है।

# कौन हैं चेस की स्टार दिव्या देशमुख? वर्ल्ड नंबर-1 चीनी को हराया, पीएम मोदी से मिली बधाई

एजेंसी ● नई दिल्ली



नई दिल्लीः भारत की युवा शतरंज खिलाड़ी दिव्या देशमुख ने लंदन में हुए वर्ल्ड ब्लिट्ज टीम चेस चैंपियनशिप में चीन की दिग्गज खिलाड़ी हाउ यिफान को हराया। यिफान दुनिया की नंबर एक खिलाड़ी हैं। उन्होंने सेमीफाइनल के पहले मुकाबले में दिव्या को हराया था। लेकिन 19 साल की दिव्या ने दूसरे मुकाबले में शानदार वापसी की। सफेद मोहरों से खेलते हुए दिव्या ने शुरूआत से ही दबाव बनाया। उन्होंने ब्लिट्ज चेस में समय का सही इस्तेमाल किया। इस वजह से वह गेम जीतने में सफल रहीं।

दिव्या की इस जीत की खूब चर्चा हो रही है।अब प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भी उनकी तारीफ की है। इस जीत के बाद पीएम मोदी ने दिव्या को बधाई दी और उनके भविष्य के लिए शुभकामनाएं दीं। उन्होंने एक्स पर लिखा, 'वर्ल्ड टीम ब्लिट्ज चैंपियनशिप, लंदन के ब्लिट्ज सेमीफाइनल के दूसरे लेग में वर्ल्ड नंबर 1 हाउ यिफान को हराने पर दिव्या देशमुख को बधाई। उनकी सफलता उनकी हिम्मत और दृढ़ संकल्प को दिखाती है। यह कई आने वाले शतरंज खिलाड़ियों को भी प्रेरित करती है। उनके भविष्य के प्रयासों के लिए शुभकामनाएं।'दिव्या देशमुख का जन्म 9 दिसंबर 2005 को नागपुर में हुआ था। उनके माता-पिता डॉक्टर हैं।

उनके पिता का नाम जितेंद्र और माता का नाम नम्रता है। दिव्या ने पांच साल की उम्र में शतरंज खेलना शुरू किया था। दिव्या ने 2012 में सात साल की उम्र में अंडर-7 नेशनल चैंपियनशिप जीती। इसके बाद उन्होंने व-10 (डरबन, 2014) और व-12 (ब्राजील, 2017) कैटेगरी में वर्ल्ड यूथ टाइटल भी जीते।दिव्या ने बहुत कम उम्र में ही वुमन ऋक्कुए मास्टर का खिताब हासिल कर लिया था। अक्टूबर 2021 तक उन्होंने वुमन ग्रैंडमास्टर का टाइटल भी अपने नाम कर लिया।

वह विदर्भ की पहली और भारत की 22वीं खिलाड़ी बनीं, जिन्होंने यह मुकाम हासिल किया। 2023 में उन्होंने इंटरनेशनल मास्टर का टाइटल भी जीता। दिव्या को वर्ल्ड जूनियर नंबर 1 के नाम से भी जाना जाता है। उन्होंने 2024 में वर्ल्ड जूनियर गर्ल्स व-20 चैंपियनशिप जीती थी। उन्होंने 11 में से 10 अंक हासिल किए थे। दिव्या ने 45वें चेस ओलंपियाड में भारत को गोल्ड मेडल दिलाने में भी अहम भूमिका निभाई थी। उन्होंने वर्ल्ड टीम रैपिड एंड ब्लिट्ज चैंपियनशिप के ब्लिट्ज सेगमेंट में 2600 से ज्यादा की परफॉर्मेंस रेटिंग हासिल की थी।

!! श्रीकृष्ण शरणंमम !!
दैनिक आदित्य भारत
सदैव सत्य के साथ...
इंदौर, शुक्रवार, 20 जून, 2025
www.adityabharat.com





चीन में ड्रोन लाइट शो ने 11,787 ड्रोन द्वारा बनाई गई सबसे बड़ी हवाई छवि के लिए एक नया गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड बनाया।

## शॉट न्यूज

### ऑपरेशन सिंधु- ईरान से रेस्क्यू 110 भारतीय छात्र दिल्ली पहुंचे

**नई दिल्ली।** ईरान की उर्मिया मेडिकल यूनिवर्सिटी में पढ़ रहे लगभग 110 भारतीय छात्र सुरक्षित भारत पहुंच गए हैं। इनमें से 90 छात्र कश्मीर के हैं। ईरान-इजराइल जंग में फंसे छात्रों को वापस लाने के लिए सरकार ने ऑपरेशन सिंधु शुरू किया है। भारत पहुंचे छात्रों ने बताया, 'वहां के हालात हर दिन खराब होते जा रहे हैं। खासकर तेहरान में स्थिति बहुत खराब है। युद्ध अच्छी चीज नहीं है। इंसानियत ही मारी जाती है। ईरान से निकाले गए ये छात्र मंगलवार को आर्मेनिया पहुंचे थे, जहां उन्हें राजधानी येरेवन के होटलों में ठहराया गया। इसके बाद आज इन्हें कतर के रास्ते भारत लाया गया। इंडिगो की एक फ्लाइट आर्मेनिया के येरेवन एयरपोर्ट से इन छात्रों को लेकर कतर की राजधानी दोहा के लिए रवाना हुई थी। इसके बाद एक दूसरी फ्लाइट से इन्हें दोहा से नई दिल्ली के इंदिरा गांधी एयरपोर्ट लाया गया।

### इंडोनेशिया का माउंट लाकी लाकी ज्वालामुखी फटा, कई फ्लाइट्स रद्द

**जकार्ता।** इंडोनेशिया के माउंट लेवोटोबी लाकी लाकी में मौजूद ज्वालामुखी में एक बार फिर जोरदार विस्फोट हुआ। इससे धुआं और राख का गुबार उठा। पिछले दो दिन में ज्वालामुखी में लगातार कई विस्फोट हुए। एक बड़े विस्फोट में राख और धुएं का गुबार 10 किमी की ऊंचाई तक पहुंच गया। यह देखने में मशरूम जैसा लग रहा था। इसे 150 किमी दूर तक देखा जा सकता था। इस विस्फोट के चलते गांवों से लोगों को निकाला गया और कई फ्लाइटें रद्द करनी पड़ीं। इनमें फेमस टूरिस्ट स्पॉट बाली के लिए आने-जाने वाली उड़ानें भी शामिल हैं। विस्फोट की गंभीरता को देखते हुए प्रशासन ने सबसे हाई लेवल वॉर्निंग जारी की गई है। ज्वालामुखी से 8 किमी दूर तक के इलाके को खतरनाक क्षेत्र घोषित किया गया है।

### पहली बार कनाडा की खुफिया एजेंसी ने माना

# खालिस्तानी कर रहे भारत के खिलाफ कनाडा का इस्तेमाल

**ओटावा ● एजेंसी**

**रिपोर्ट**

कनाडा ने पहली बार स्वीकार किया है कि खालिस्तानी चरमपंथी भारत में हिंसा-आतंकवाद फैलाने के लिए कनाडा की जमीन का इस्तेमाल कर रहे हैं। कनाडा की खुफिया एजेंसी (सीएसआईएस) की हालिया रिपोर्ट में बताया गया है कि खालिस्तानी कनाडा का इस्तेमाल भारत में हिंसा को बढ़ावा देने, धन जुटाने या प्लान बनाने के रूप में कर रहे हैं। सीएसआईएस ने कल अपनी वार्षिक रिपोर्ट जारी की, जिसमें कनाडा की राष्ट्रीय सुरक्षा के लिए कुछ प्रमुख चिंताओं और खतरों को रेखांकित किया है। कनाडा की खुफिया एजेंसी सीएसआईएस की रिपोर्ट में स्पष्ट रूप से कहा गया है, 'खालिस्तानी चरमपंथी मुख्य रूप से भारत में हिंसा को बढ़ावा देने, धन जुटाने या योजना बनाने के लिए कनाडा को आधार के रूप में इस्तेमाल करना जारी रखे हुए हैं।'

**पहली बार उग्रवाद शब्द का इस्तेमाल** - वहीं, इस रिपोर्ट की सबसे महत्वपूर्ण बात ये है कि कनाडा ने पहली बार खालिस्तानी समूहों के लिए आधिकारिक रूप से 'उग्रवाद' (extremism) शब्द का इस्तेमाल किया है। ये एक बड़ा बदलाव है, क्योंकि पहले कनाडा की सरकार और एजेंसियां इस मुद्दे को हल्के में लेती थीं या इसे केवल 'सामुदायिक गतिविधियों' का हिस्सा मानती थीं। लेकिन अब CSIS की इस स्पष्ट स्वीकारोक्ति से ये साफ हो गया है कि खालिस्तानी उग्रवादी न केवल भारत के लिए खतरा हैं, बल्कि कनाडा की अपनी सुरक्षा के लिए भी चिंता का विषय हो सकते हैं।



### ऐसे बढ़ा रिश्तों में तनाव

आपको बता दें कि साल 2023 में कनाडा के तत्कालीन पीएम ट्रूडो ने दावा किया था कि उनकी सरकार के पास खालिस्तानी आतंकवादी हरदीप सिंह निज्जर की हत्या में भारत की संलिप्तता के सबूत हैं। भारत ने आरोपों का खंडन करते हुए इन्हें "बेतुका" और "प्रेरित" बताया है तथा कनाडा पर चरमपंथी और भारत विरोधी तत्वों को जगह देने का आरोप लगाया था। इसके बाद भारत ने कनाडा से छह राजनयिकों को वापस बुला लिया, क्योंकि निज्जर की हत्या की जांच कर रहे कनाडाई अधिकारियों ने उन्हें अपना हित करार दिया था। निज्जर की 18 जून, 2023 को ब्रिटिश कोलंबिया के सरे में एक गुरुद्वारे के बाहर गोली मारकर हत्या कर दी गई थी।

### भारत विरोधियों के गढ़ बना कनाडा

सीएसआईएस की रिपोर्ट ने पुष्टि की है कि कनाडा भारत विरोधी तत्वों के लिए एक सुरक्षित पनाहगाह बन गया है, जिससे सालों से उठाई जा रही भारत की चिंताएं पुष्ट होती हैं। रिपोर्ट में कहा गया है कि 1980 के दशक के मध्य से, कनाडा में पीएमवीई का खतरा मुख्य रुप से सीबीकेई के माध्यम से प्रकट हुआ है। रिपोर्ट में कहा गया है, 'कुछ व्यक्तियों के एक छोटे समूह को खालिस्तानी चरमपंथी माना जाता है, क्योंकि वे कनाडा को मुख्य रुप से भारत में हिंसा को बढ़ावा देने, धन जुटाने या योजना बनाने के लिए आधार के रुप में उपयोग करते हैं। विशेष रुप से, कनाडा से उभरने वाला वास्तविक और कथित खालिस्तानी चरमपंथ कनाडा में भारतीय विदेशी हस्तक्षेप गतिविधियों को बढ़ावा देता रहता है।

### पीएम कार्नी के फैसले का विरोध

वहीं, कनाडा के प्रधानमंत्री मार्क कार्नी को जी-7 शिखर सम्मेलन में भारतीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को आमंत्रित करने के लिए आलोचना का सामना करना पड़ा, कुछ सिख समर्थकों और उनके अपने सांसदों ने असहमति व्यक्त की। हालांकि, कार्नी ने वैश्विक मामलों में भारत के महत्व का हवाला देते हुए अपने फैसले का बचाव किया। कार्नी ने विश्व की चौथी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था और सबसे अधिक आबादी वाले देश के रुप में भारत की स्थिति पर जोर दिया, जो वैश्विक चुनौतियों से निपटने में उसे एक महत्वपूर्ण खिलाड़ी बनाता है।

## जापान में 6.1 तीव्रता का भूकंप, किसी सुनामी की चेतावनी नहीं

**टोक्यो ● एजेंसी**

जापान के होक्काइडो द्वीप के दक्षिण-पूर्वी नेमुरो प्रायद्वीप के तट पर आज सुबह 8:08 बजे (स्थानीय समय) 6.1 तीव्रता का शक्तिशाली भूकंप आया। जापान मौसम विज्ञान एजेंसी के अनुसार, भूकंप का केंद्र नेमुरो प्रायद्वीप के दक्षिण-पूर्वी तट से कुछ दूरी पर समुद्र में था, और इसकी गहराई बहुत कम, लगभग 14 किलोमीटर, दर्ज की गई। इस भूकंप के कारण किसी सुनामी की चेतावनी जारी नहीं की गई है, और प्रारंभिक रिपोर्ट्स में किसी बड़े नुकसान या हताहतों की सूचना नहीं मिली है। जापान मौसम विज्ञान एजेंसी ने बताया कि भूकंप की तीव्रता जापानी भूकंपीय पैमाने (शिंदो स्केल) पर अधिकतम 4 थी, जो होक्काइडो के कुछ हिस्सों में दर्ज की गई। इस स्तर की तीव्रता से हल्का कंपन महसूस हो सकता है, लेकिन आमतौर पर इससे बड़े पैमाने पर नुकसान की संभावना कम होती है। भूकंप का केंद्र उत्तर अक्षांश 42.8 डिग्री और पूर्वी देशांतर 146.4 डिग्री पर स्थित था। जेएमए ने यह भी कहा कि इस भूकंप से तटीय क्षेत्रों में समुद्र की सतह में मामूली उतार-चढ़ाव हो सकता है, लेकिन इससे कोई खतरा नहीं है। भूकंप के बाद स्थानीय प्रशासन और आपदा प्रबंधन टीमें सतर्क हो गईं। होक्काइडो के तटीय क्षेत्रों में निवासियों को संभावित आफ्टरशॉक्स (बाद के झटकों) के लिए सावधान रहने की सलाह दी गई है। हालांकि, प्रारंभिक जांच में किसी तरह के नुकसान, जैसे कि इमारतों में दरारें, सड़कों को क्षति, या बिजली आपूर्ति में व्यवधान की कोई सूचना नहीं मिली है।

### अमेरिकी राष्ट्रपति ने कहा- मुझे पाकिस्तान से प्यार है

## ट्रम्प ने फिर कहा- भारत-पाक युद्ध मैंने रुकवाया

**वॉशिंगटन डीसी ● एजेंसी**

**बातचीत**

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने एक बार फिर कहा कि उन्होंने भारत और पाकिस्तान के बीच संभावित युद्ध रुकवाया था। ट्रम्प ने कहा कि मैंने युद्ध रुकवाया। मैं पाकिस्तान से प्यार करता हूं। पीएम मोदी एक शानदार व्यक्ति हैं। मैंने उनसे कल रात बात की। हम भारत के साथ एक व्यापार समझौता करेंगे। उन्होंने कहा कि मैंने एक बड़ा युद्ध रोका। लेकिन किसी ने इस बारे में खबर तक नहीं लिखी। ट्रम्प का यह बयान बुधवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से फोन पर हुई बातचीत के 12 घंटे बाद आया है।

दरअसल, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बुधवार को अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प से फोन पर बातचीत की, जो लगभग 35 मिनट तक चली। बातचीत के दौरान PM मोदी ने राष्ट्रपति ट्रम्प को ऑपरेशन सिंदूर



के बारे में बताया। विदेश सचिव विक्रम मिसरी ने इस बात की जानकारी दी है। उन्होंने कहा कि बातचीत के दौरान PM मोदी ने स्पष्ट किया कि ऑपरेशन सिंदूर से जुड़े किसी भी विषय में व्यापार से संबंधित कोई चर्चा नहीं हुई। उन्होंने दोहराया कि पाकिस्तान के कहने पर ही भारत ने सीजफायर किया था। भारत कभी किसी तीसरे पक्ष की मध्यस्थता को स्वीकार नहीं करता और आगे भी नहीं करेगा। साथ ही, PM मोदी ने यह भी जोर देकर कहा कि अब भारत आतंकवाद की घटनाओं को प्रॉक्सी वॉर (परदे के पीछे की लड़ाई) नहीं, बल्कि सीधे युद्ध की कार्रवाई के रूप में देखेगा। भारत का ऑपरेशन सिंदूर अब भी जारी है।

**स्वामी/मुद्रक/प्रकाशक** - दीपक बुड़ाना द्वारा चैतन्य लोक ग्राफिक्स, एलयूएन-22, सेक्टर-एफ इंडस्ट्रियल एरिया, सांवेर रोड इंदौर (मध्यप्रदेश) से मुद्रित एवं 66 बी शुभम पैलेस, छोटा बांगड़दा रोड इंदौर से प्रकाशित।
**संपादक**- दीपक बुड़ाना, आर.एन.आई. नबंर - MPHIN/2014/56594 (सभी विवादों का न्यायलय क्षेत्र इंदौर रहेगा)